

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 178

ग्वालियर, बुधवार, 18 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### मप्र में अमूल दूध के रेट बढ़े




**भोपाल।** अमूल ने अपने दूध और दही के रेट बढ़ा दिए हैं। भोपाल में दूध प्रति लीटर 2 रुपए महंगा हुआ है। दही के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है। भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर में भी दूध महंगा हुआ है। ग्वालियर में कुछ समय पहले ही बढ़ोतरी हुई। कंपनी ने इसके पीछे का कारण डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को बताया है। भोपाल शहर में अब अमूल गोल्ड के 500 ग्राम के पैकेट की कीमत 27 से बढ़कर 28 रुपए हो गई है। इसी तरह स्टैंडर्ड, टोंड मिल्क, डबल टोंड मिल्क में भी प्रति लीटर 2 रुपए बढ़ाए गए हैं। यह बढ़ोतरी कुछ दिन पहले ही की गई है। पहले 400 ग्राम दही के पैकेट की कीमत 27 रुपए थी, जो अब 28 रुपए हो गई है। भोपाल में पैकेट वाले दूध में सबसे ज्यादा बिक्री सांची की होती है। रोजाना 2.50 लाख लीटर से ज्यादा दूध बिकता है। अमूल की खपत 65 हजार लीटर है। हालांकि, दोनों की तुलना में खुला दूध अधिक मात्रा में बेचा जाता है। इसकी खपत 6 से 8 लाख लीटर तक प्रतिदिन है। अमूल के सीनियर सेल्स ऑफिसर पंकज देशमुख ने बताया कि दूध-दही के दाम बढ़ाने का निर्णय कंपनी के स्तर पर हुआ है। वैसे डीजल आदि की कीमतें बढना प्रमुख कारण है, क्योंकि कंपनी ने लंबे समय से दूध के दाम में बढ़ोतरी नहीं की थी।

### मोहर्रम के लिए सरकार का फैसला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शुक्रवार 20 अगस्त को शासकीय अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने पहले मोहर्रम पर गुरुवार (19 अगस्त) को अवकाश घोषित किया था, जिसे निरस्त कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव डीके नागेंद्र ने बताया कि केंद्र सरकार ने भी मोहर्रम पर्व पर 19 अगस्त को शासकीय अवकाश घोषित किया था, लेकिन दो दिन पहले इसे निरस्त कर 20 अगस्त को अवकाश होने का नया आदेश जारी किया। मोहर्रम का पर्व 20 अगस्त को मनाया जाएगा। इसे ध्यान में रखकर सरकार ने यह बदलाव किया है।

### पीएम मोदी ने इज़राइल के प्रधानमंत्री नफ़्ताली बेनेट से फोन पर बात की

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इज़राइल के प्रधानमंत्री महामहिम नफ़्ताली बेनेट से फोन पर बात की। प्रधानमंत्री ने महामहिम बेनेट द्वारा कुछ समय पहले इज़राइल के प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर एक बार फिर से बधाई दी। दोनों नेताओं ने हाल के वर्षों में दोनों देशों के आपसी संबंधों में हुई उल्लेखनीय प्रगति पर संतोष प्रकट किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इज़राइल के साथ कृषि, जल, रक्षा और सुरक्षा तथा साइबर-सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मज़बूत सहयोग को बहुत ज्यादा अहमियत देता है। दोनों नेताओं ने विशेषकर उच्च प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और ज्यादा व्यापक बनाने की संभावना पर सहमति प्रकट की। उन्होंने इस दिशा में उठाए जा सकने वाले ठोस कदमों के बारे में चर्चा की और निर्णय लिया कि दोनों विदेश मंत्री भारत-इज़राइल रणनीतिक भागीदारी को और अधिक बढ़ाने की योजना तैयार करने पर काम करेंगे। भारत और इज़राइल के बीच कूटनीतिक संबंधों की अगले वर्ष 30वीं वर्षगांठ होने के बारे में याद करते हुए प्रधानमंत्री ने महामहिम बेनेट को भारत आने का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री ने महामहिम बेनेट और इज़राइल की जनता को यहूदियों के आगामी त्योहार रोश हशाना के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नई दिल्ली (ए)।** एमएसएमई राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर खादी प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल का उद्घाटन किया। आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर देश भर के 75 रेलवे स्टेशनों पर खादी इंडिया स्टॉल लगाए गए हैं। मंत्री ने केवीआईसी के अधिकारियों को खादी उत्पादों की रेंज और मूल्य सूची को प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। जिससे रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों का ध्यान आकर्षित किया जा सके। मंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे खादी को नए ग्राहक जोड़ने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं का आधार बढ़ेगा। खादी कारीगरों को अपने उत्पादों को बढ़ावा देने और बेचने के लिए एक बड़ा मार्केटिंग प्लेटफॉर्म मिलेगा। हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के अलावा, केवीआईसी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक खादी स्टॉल भी लगाया है जिसे ग्राहकों से अच्छा रिस्पांस मिला है।

## मध्यप्रदेश पुलिस ने देशभक्ति और जनसेवा के मंत्र को जिया है

### दुनिया में पीड़ित मानवता की सेवा का ऐसा उदाहरण बिरला है

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पदक विजेता पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान




**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस ने देशभक्ति एवं जनसेवा के मंत्र को अक्षरशः जिया है। मध्यप्रदेश में सभी प्रकार के माफियाओं, बेटियों के विरूद्ध अपराध करने वालों, नक्सलियों, मिलावटखोरों आदि सभी आपराधिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी एवं प्रभावी कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड संकटकाल में मध्यप्रदेश पुलिस ने जान हथेली पर रखकर लोगों की सुरक्षा की है। इस दौरान हमारे कई पुलिस साथी शहीद भी हुए। मैं उन सबको नमन करता हूँ। दुनिया में पीड़ित मानवता की सेवा का ऐसा उदाहरण बिरला ही मिलता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित राष्ट्रपति पदक विजेता पुलिस अधिकारियों के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, डी.जी.पी. विवेक जौहरी, डी.जी. होमगार्ड्स अशोक दोहरे, डी.जी. जेल अरविंद कुमार, पुरूस्कार विजेता सभी पुलिस अधिकारी तथा उनके परिवारजन उपस्थित थे।

**नक्सलियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई–** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में नक्सलियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई हुई है। हमारी पुलिस ने 5 बड़े इनामी नक्सलियों को मार गिराया तथा 3 को जीवित पकड़ा।

**माफियाओं के विरूद्ध अभियान:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में भू-माफिया, ड्रग्स माफिया, शराब माफिया, खनिज माफिया सहित सभी प्रकार के माफियाओं के विरूद्ध सतत् अभियान चलाकर उनकी कमर तोड़ दी गई है। जहरीली शराब का कोराबार करने वालों के लिए मृत्युदंड तक का कड़ा कानूनी प्रावधान किया गया है।

**मुस्कान अभियान में 4 हजार से अधिक बेटियों को ढूंढ़ा:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान चलाकर 4 हजार से अधिक लापता बेटियों को देश के विभिन्न स्थानों से ढूंढ़कर घर वापस पहुंचाया गया है। बेटियों के विरूद्ध अपराध करने वालों के विरूद्ध हम कठोरतम कार्रवाई कर रहे हैं।

**बाढ़ बचाव एवं सहायता में सराहनीय कार्य:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हाल ही आई बाढ़ के दौरान जनता को बचाने एवं सहायता पहुँचाने में हमारी पुलिस एवं होमगार्ड्स ने सराहनीय कार्य किया है। इस दौरान 6800 व्यक्तियों को डूबने से बचाया गया।

**एक नवम्बर को भी होंगे पुरस्कृत:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों सहित पूरे पुलिस अमले को मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस 1 नवम्बर को आयोजित समारोह में भी पुरस्कृत किया जाएगा।

## मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी की खुलेगी कुंडली




### फेल-पास के खेल में फंसेंगे बड़े-बड़े अफसर

### कार्रवाई की बजाय जांच पर जांच

**भोपाल।** जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में फेल-पास के खेल और ठेका कंपनी की गड़बडियों की दोबारा जांच होगी। कुलपति डॉ. टीएन दुबे के त्यागपत्र के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने विवि के साथ मिलकर नए सिरे से मामले में जांच की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए विवि और चिकित्सा शिक्षा विभाग के आलाधिकारियों के बीच सहमति बन गई है। विभाग की ओर से हाल में भेजे गए नए कुलसचिव निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग का निर्देशन मिलते ही समित में सदस्यों के नाम और उसकी जांच का दायरा तय कर दिया जाएगा। जांच समिति में आइटी विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाएगा। एमयू में परीक्षा-परिणाम से धांधली से लेकर अन्य गड़बडियों के सामने आने पर कार्रवाई की बजाय जांच पर जांच होगी। पहले कराई गई अपनी ही जांच पर चिकित्सा शिक्षा विभाग फिर दोबारा जांच कराएगा। सूत्रों के अनुसार गड़बडियों के आरोप में फंसी ठेका कंपनी और अधिकारी रसूखदार बताए जा रहे हैं। इनके प्रशासनिक और राजनीतिक रसूख के चलते सीधी कार्रवाई से जिम्मेदार बच रहे हैं। उसके बजाय फिर से जांच कराने की तैयारी है। बड़ी गड़बड़ी उजागर होने के बाद अब विभाग अपनी ही ओर से कराई गई जांच में समिति के अधिकारियों को क्षमता को लेकर असंमस में है।

## शिप्रा की पूजा कर सिंधिया निकले आशीर्वाद यात्रा पर

## 3 दिन तक 4 जिलों में घूमेंगे; इंदौर में कहा– मैं जनता का सेवक, आशीर्वाद लेने आया हूं



**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देवास में शिप्रा नदी की पूजा कर अपनी 3 दिन की आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत की। देवास में शिप्रा नदी की पूजा के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जब भी मेरा नाम आता है तो कांग्रेस को तो खुजली होती है। कांग्रेस गिरगिट की तरह रंग बदलती है। उनके बारे में क्या कहूं। कांग्रेस की टीका-टिप्पणी का मैं स्वागत करता हूं। अटल जी ने एक बार कहा था- ये भी सही, ना वह भी सही। कांग्रेस को अटल जी के संदेश से प्रेरणा लेना चाहिए। जो काम प्रधानमंत्री मोदी ने इतने कम समय में किया। वह उन्होंने 70 सालों में क्यों नहीं किया। सिंधिया से पत्रकारों ने पूछा था कि आपकी यात्रा पर कांग्रेस नेता सवाल उठा रहे हैं। इस पर उन्होंने ये बातें कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ट्वीट किसी भी मुद्दे को लेकर करती है। वह सोशल मीडिया तक ही सीमित है। महंगाई की बात है, तो इसमें कोई दो राय नहीं कि तेल के दाम बढ़े हैं। इसका जिम्मेदार कौन है? पिछले 70 सालों में किसकी सरकार रही है, देख लें। हम इस महंगाई का सामना कर रहे हैं और इसे नियंत्रण में लाएंगे। इससे पहले मंगलवार सुबह इंदौर एयरपोर्ट पर पहुंचे सिंधिया ने कहा कि मैं जनता का सेवक हूं और जनता का आशीर्वाद लेने आया हूं। जब भी मेरी जरूरत रहेगी मैं जनता की सेवा में हाजिर हूं। वे एयरपोर्ट से सुपर कॉरिडोर के लिए रवाना हुए। सिंधिया के इंदौर पहुंचने के बाद उनके स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को बड़ी मुश्किल से हटाया।

**दिग्विजय सिंह का ट्वीट- चंदा वसूली यात्रा है:** सिंधिया की आशीर्वाद यात्रा शुरू होते ही पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह चंदा वसूली यात्रा है। उन्होंने ट्वीट करके कहा- लोकतंत्र खतरे में है। और मोदी-शाह सरकार के मंत्री ÷आशीर्वाद यात्रा' निकाल रहे हैं।

## वैज्ञानिक अनुसंधान समाज के लिए प्रासंगिक होना चाहिए: नायडू



**नई दिल्ली (ए)।** उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने वैज्ञानिकों से मानव जाति के सामने आने वाली जलवायु परिवर्तन से लेकर कृषि से लेकर स्वास्थ्य और चिकित?सा जैसी चुनौतियों को हल करने के लिए अनूठे समाधान प्रस?तुत करने की अपील की।

बेंगलुरु में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (जेएनसीएएसआर) में वैज्ञानिकों और छात्रों को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने वैज्ञानिकों से उत्कृष्टता हासिल करने और लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए नवोन्मेषण के लिए प्रयास करने की अपील की। उन्होंने दोहराया विज्ञान का उद्देश्य लोगों के जीवन को सुखी, स्वस्थ और आरामदायक बनाना है। वैज्ञानिक अनुसंधान समाज के लिए प्रासंगिक होना चाहिए, उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में अनुवाद संबंधी शोध का बहुत महत्व है। उन्होंने 300 से अधिक पेटेंट सृजित करने और स्वदेशी आविष्कारों पर आधारित कुछ स्टार्टअप की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए जेएनसीएएसआर की सराहना की। यह नोट करते हुए कि जेएनसीएएसआर को व्यापक क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए जाना जाता है, उन्होंने वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को सिंथेटिक जीव विज्ञान, कम्प्यूटेशनल जीव विज्ञान, हाई-परफोरमेंस इंजीनियरिंग सामग्रियों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नए उभरते क्षेत्रों में शोध करने का सुझाव दिया। उपराष्ट्रपति ने कृषि को देश की मूल संस्कृति बताते हुए इच्छा जताई कि वैज्ञानिकों को अपना ध्यान कृषक समुदाय के सामने आने वाले मुद्दों पर केंद्रित करना चाहिए। यह देखते हुए कि विज्ञान किसी भी देश की प्रगति और तकनीकी उन्नति के लिए रीढ़ की हड्डी है, उपराष्ट्रपति ने भारत के विशाल जनसांख्यिकीय लाभांश का उल्लेख किया और कहा कि सामाजिक समस्याओं का समाधान करने के लिए अभी समय की आवश?यकता यह है कि कम उम्र से ही वैज्ञानिक सोच विकसित की जाये और विश्व स्तरीय वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाये।

## किसानों के मुद्दे पर राहुल गांधी ने फिर घेरा सरकार पर लगाया मंडियों को खत्म करने का आरोप: राहुल गांधी




**नई दिल्ली (ए)।** किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार मंडियों को खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर न केवल किसानों पर बल्कि देश के मिडिल क्लास और देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता पर पड़ेगा। केरल के तिरुवंबाडी में उन्होंने ये बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा, ÷देशभर में कृषि क़ानूनों के ख़िलाफ़ प्रदर्शन चल रहा है। मैं उनके प्रदर्शन को पूरी तरह समझता हूं। ये कृषि क़ानून मूल रूप से भारतीय कृषि क्षेत्र की रीढ़ को नष्ट कर देंगे। हमारा कृषि क्षेत्र किसानों की बजाय 2-3 बड़े उद्योगपतियों के हाथ में चला जाएगा। राहुल गांधी ने कहा, ÷कृषि हमारे इतिहास, संस्कृति और विरासत का एक आंतरिक हिस्सा है। मैं किसानों और उनकी नवाचार करने की क्षमता में विश्वास करता हूं। लेकिन उनकी बुद्धिमत्ता, साधन संपन्नता, भावना के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस देश को बहुत कुछ दिया है।÷ राहुल गांधी ने नोटबंदी, जीएसटी और तीनों कृषि कानूनों को देश के आर्थिक ढांचे को कमजोर करने वाला करना दिया। उन्होंने कहा, नोटबंदी, जीएसटी और अब कृषि कानून भारतीय अर्थव्यवस्था के ढांचे को कमजोर करने के लिए तैयार किए गए हैं। इनका परिणाम यह होगा कि भारत अपने युवाओं को रोजगार नहीं दे पाएगा। बता दें कि राहुल गांधी के केरल दौरे का दूसरा दिन है। इससे पहले सोमवार को वायनाड में उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया और बापू की शिक्षाओं को याद किया। उन्होंने कहा, अगर महात्मा गांधी ने कहा कि भारत को सहिष्णु देश होना चाहिए तो उन्होंने सहिष्णु तरीके से व्यवहार किया। अगर उन्होंने कहा कि भारत को महिलाओं के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए तो उन्होंने महिलाओं के साथ आदर का व्यवहार किया। अगर गांधी जी ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश होना चाहिए तो उन्होंने धर्मनिरपेक्ष तरीके से व्यवहार किया।

## रसोई गैस की कीमत 25 रुपए बढ़ी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम एक बार फिर बढ़ गए हैं। इस बार करीब 25 रुपए प्रति सिलेंडर के रेट बढ़ाए गए हैं। अब भोपाल में एक सिलेंडर की कीमत 840 रुपए से बढ़कर 865 रुपए हो गई है। इससे पहले पहले 1 जुलाई को भी 25.50 रुपए रेट बढ़ाए गए थे। मार्च से लेकर अब तक तीन बार में 100 रुपए (50 रुपए और दो बार 25-25 रुपए) बढ़ा दिए गए, जबकि सिर्फ एक बार ही अप्रैल में 10 रुपए घटाए गए थे। दिसंबर से लेकर अब तक करीब 275 रुपए सिलेंडर के रेट बढ़ चुके हैं।

### अचानक बढ़ाए गए रुपए

केंद्र सरकार ने गैस के दाम महीने की पहली तारीख को बढ़ाने का निर्णय लिया था, लेकिन 17 अगस्त की सुबह अचानक कीमत बढ़ा दी गई। इससे गैस एजेंसी संचालक भी हैरान हैं। जानकारी आते ही ऑइल मार्केटिंग कंपनियों ने मंगलवार से 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में 25 रुपए का इजाफा कर दिया है। अभी तक भोपाल में यह सिलेंडर अब 840.50 रुपए में मिल रहा था, जो अब 865.50 रुपए हो गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

शिवपुरी। भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी अंचल सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने अमर हुए उन शहीदों को स्मरण रखने का आग्रह किया है, जिनके पावन बलिदानों के कारण आज आम भारतवासी स्वतंत्र होकर स्वतंत्र भारत में सांस ले रहा है। यह दिवस स्वतंत्रता के परवाने अमर शहीदों को पुण्य स्मरण कर उनके सपनों को साकार करने की प्रतिज्ञा लेने का है। एक बार पुनः स्वतंत्रता दिवस की शिवपुरी जिले के समस्त वासियों को हार्दिक शुभकामनायें।



### कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को दी शुभकामनाएं

शिवपुरी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पर्व हमें राष्ट्र भक्ति, देश प्रेम एवं भाईचारे की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस दिन हम राष्ट्र के प्रति सेवा, समर्पण और देश भक्ति का संकल्प लें। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए उनके सुखी समृद्ध जीवन की कामना की है।

### निगम कार्यालय पर हाइड्रोलिक मशीन पर चढ़कर लगा रहे थे तिरंगा, अचानक टूटी मशीन, तीन की मौत

**शिवपुरी।** ग्वालियर में महाराज बाड़ा स्थित नगर निगम कार्यालय पर शनिवार को तिरंगा लगाते समय बड़ा हादसा हो गया। जिस हाइड्रोलिक मशीन पर चढ़कर निगम कर्मचारी तिरंगा लगा रहे थे, वह अचानक टूट गई। इस घटना के बाद हर तरफ अफरा तफरी मच गई। घायलों को तत्काल नीचे लाया गया। खबर है कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि एक को गंभीर चोटें आई हैं। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस अधिकारियों के साथ ही प्रभारी नगर निगम आयुक्त मुकुल गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने हंगामा बढ़ते देखा तो तत्काल भीड़ को दूर खदेड़कर निगम अफसरों को बाहर निकाला। शहर में पंद्रह अगस्त की तैयारियां जारी हैं। इसके तहत महाराज बाड़ा स्थित नगर निगम कार्यालय पर भी ध्वजारोहण की तैयारी चल रही थी। शनिवार को सुबह दमकल अमले की हाइड्रोलिक मशीन मंगाई गई थी। इस हाइड्रोलिक मशीन पर चढ़कर कुछ कर्मचारी इमारत पर तिरंगा लगाने के लिए चढ़े थे। इसी दौरान अचानक हाइड्रोलिक मशीन टूट गई। इस हादसे में निगम कर्मचारी मंजर आलम, कुलदीप दंडौतिया और विनोद की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि एक कर्मचारी को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल एवं प्रभारी नगर निगम आयुक्त मुकुल गुप्ता मौके पर पहुंच गए।

### भाजपा नेता एवं युवा पत्रकार विजय शर्मा ने यशोधरा राजे सिंधिया के निर्देश पर

# तारकेश्वरी कॉलोनी में चलाया सफाई अभियान

नवनीत एक्सप्रेस प्रतिनिधि शिवपुरी।







भारतीय जनता पार्टी के नेता और युवा पत्रकार विजय शर्मा बिंदास ने प्रदेश सरकार की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 20 तारकेश्वरी कॉलोनी में सफाई अभियान चलाया विजय शर्मा वार्ड क्रमांक 20 से पार्षद पद हेतु भाजपा टिकट के दावेदार भी हैं इन दिनों में अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ बाढ़ पीड़ितों की मदद में भी जी जान से लगे हुए हैं विदित हो कि शिवपुरी में इस बार आयी भारी बारिश के कारण बाढ़ से भारी तबाही मची है। इस कारण शिवपुरी की स्थानीय विधायक और मध्यप्रदेश सरकार की बरिष्ठ मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने अपने वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था में सहयोग करने और बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का निर्देश दिया था जिसके बाद भाजपा नेता और युवा पत्रकार विजय शर्मा ने वार्ड क्रमांक 20 का

## पोहरी जेल में बंद कैदी से मारपीट, जेलर पर लगे आरोप, मंत्री राठखेडा से की शिकायत

नवनीत एक्सप्रेस प्रतिनिधि शिवपुरी। जिले के उपजेल पोहरी में बंद अवैध शराब के मामले में एक आरोपी ने जेल प्रबंधन पर मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाए है। इस मामले में घायल आरोपी को पोहरी उपस्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया था। जहां उसकी गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। इस मामले की शिकायत कैदी और उसके परिजनों ने राज्यमंत्री सुरेश राठखेडा से की। जहां मंत्री सुरेश राठखेडा ने इस मामले में जांच कराने की बात कही। जानकारी के अनुसार उपजेल पोहरी में कैदी भगवान सिंह बंजारा पुत्र आटू बंजारा उम्र 30 वर्ष निवासी बरईपुरा नयागांव पोहरी को पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर उसपर धारा 34,2 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां युवक का मेडीकल कराकर उसे माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया।इस मामले में आरोपी को कल रात्रि में जमानत मिल गई। जिसके चलते घर पहुंचते ही कैदी और उसके परिजनों ने युवक की जेल मे बेरहमी से पिटाई के आरोप लगाए है। परिजनों का आरोप है कि जेल में उसके साथ मारपीट हुई है। इस मामले में उपजेल पोहरी के जेलर का कहना है कि कल मेने ही इस आरोपी की जमानत कराई हैं। जेलर ने बताया है कि उक्त कैदी मानसिक प्रवृति का लग रहा था। न वह जेल में सोता था और वह जेल में जोर जोर से चिल्लाता था। जिसके चलते कल वह उसे लेकर शासकीय चिकित्सालय गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मेडीसन दी और उसको जमानत पर रिहा कर दिया। इस मामले में शासकीय डॉक्टर ने भी बताया है कि शाम 6 बजे के लगभग उक्त मरीज को लेकर जेलर साहब आए थे। उस कैदी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसके चलते उसे नींद की गोली सहित अन्य मेडीसन दी गई।

## मंत्री राठखेड़ा की पोहरी के स्वास्थ्य केन्द्र में टॉर्च से करवाते हैं डिलेवरी



शिवपुरी। जिले में एक तरफ तो राज्यमंत्री सुरेश धाकड तमाम दाबे कर रहे है। दूसरी और उसने पोहरी क्षेत्र में ग्राम झिरी में विकास के तमाम दाबों की पोल खुल गई है। हालात यह है कि यहां उपस्वाथ्य केन्द्र पर शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है। साथ ही इस स्वास्थ्य केन्द्र के पास में शमशान घाट होने के चलते प्रसूताओं एएनएम में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। जिसके चलते शुक्रवार की रात्रि में इमरजेंसी में अनारकली जाटव पति आनंद राव जाटव निवासी भदरोनी से अपनी पत्नी को डिलेवरी के लिए झिरी उप स्वास्थ्य केंद्र पर आए। वहां पर लाइट की व्यवस्था ना होने पर एएनएम को मोबाइल की टॉर्च से और मोमबत्ती जलाकर डिलीवरी करनी पड़ी। अब अगर इस दौरान प्रसूता को कोई दिक्कत हो जाती तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता। परंतु राज्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र के इस स्वास्थ्य केन्द्र की इस गंभीर समस्या की ओर ना शासन का ध्यान है ना प्रशासन का। जब इस संबंध में बीएमओ शशांक चौहान से बातचीत करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा। जब इस संबंध में जेई से बातचीत की तो उन्होंने रात्रि में यह कहकर पल्ला झाड लिया कि सुबह दिखबाते है। यहां हम बता दे कि झिरी उप स्वास्थ्य केंद्र से कई गांव जुड़े हुए हैं। इमरजेंसी में गर्भवती महिलाओं का आना जाना लगा रहता है। उप स्वास्थ्य केंद्र पर लाइट ना होने के कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा होने के बावजूद भी उन्हें पोहरी या शिवपुरी रेफर करना पड़ता है। झिरी के आसपास की रोड सही ना होने से गर्भवती महिलाओं को लंबी दूरी तय करने में बहुत ही पीड़ा होती है और जान का भी खतरा बना रहता है।इसके साथ ही इस उप स्वास्थ्य केंद्र पर ना पानी की व्यवस्था है और ना ही शौचालय की व्यवस्था है जिसके चलते उप स्वास्थ्य केंद्र भगवान भरोसे चल रहा है। ऐसा नहीं है कि इस मामले की सूचना किसी को नहीं है। बल्कि ग्रामीण कई बार इस मामले की शिकायत कर चुके है। परंतु आज दिनांक तक कोई सुनवाई नही हुई।

## जिले में हुई अतिवर्षा उपरांत वैज्ञानिकों ने किया फसल स्थिति का निरीक्षण





शिवपुरी। शिवपुरी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों बीलारा, सिरसौद, सिंहनिवास, ठर्रा, रातौर इत्यादि में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह एवं डॉ. एम.के. भार्गव एवं सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी श्री पी.पी.शर्मा द्वारा किया गया। भ्रमण किये गये क्षेत्र में सोयाबीन, मूंगफली, टमाटर, कद्दू, धान, उ?द, अजवाइन, तिल इत्यादि फसलों का अवलोकन किया गया। अवलोकन में कृषकों द्वारा कीटों के प्रकोप के संबंध में शंका का समाधान करते हुए उन्हें अवगत कराया गया है कि सोयाबीन एवं मूंगफली की फसल में वर्तमान में कीट-व्याधि का प्रकोप फसल में आर्थिक हानिकारक स्तर से कम एवं नगण्य है। अतः अनावश्यक रूप से कीटनाशक दवाओ का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। भविष्य में कीटों का प्रकोप ब?ने पर (प्रति मीटर 2 से 3 कीट इल्लियां) ब?ने पर ही कीटनाशक दवाओं का उपयोग करें। भ्रमण के दौरान ग्राम बिलारा के कृषक धीरज सिंह यादव द्वारा सोयाबीन (जे.एस.95-60) फसल के लिये गये बीजोत्पादन कार्यक्रमम वाले खेत पर उनके द्वारा बतलाई जा रही अफलन की शंका का समाधान किया गया। सोयाबीन फसल में गर्डल बीटल प्रभावित पौधों की संख्या ब?ने पर थायोक्लोप्रिड 750 मिली./हैक्टर 600 लीटर पानी में घोलकर छि?काव करने का परामर्श भी दिया। इसके साथ ही कृषकों को अवगत कराया गया कि फसल स्थिति में धूप निकलने से सुधार होगा तथा नमी के उचित स्तर आने पर निराई-गु?ाई, जलविलेय उर्वरकों का छि?काव एवं खरपतवारों विशेषकर गाजरघास का उन्मूलन करने की आवश्यकता है। धान की फसल के लिए तैयार कर रहे कृषकों के खेतों में पाया गया कि किसान खेत में मचौआ करते समय आधार खाद का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। आधार खाद के रूप में नत्रजन की आधी मात्रा, फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा का धान फसल में उपयोग करने हेतु कृषकों को सलाह दी गई। साथ ही अंकुरण पूर्व शाकनाशी बेनसल्फ्यूरॉन एवं प्रेटिलाक्लोर

## मृतक कर्मचारियों के परिजनों को उसी पद पर मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

### घायल कर्मचारी को निःशुल्क इलाज एवं 50 हजार की आर्थिक मदद









शहर के महाराज बाड़ा पर शनिवार सुबह नगर निगम की फायर हाइड्रोलिक मशीन के क्षतिग्रस्त होने से हुई दुःखद दुर्घटना में मृत नगर निगम के 3 कर्मचारियों के परिवारों को प्रदेश सरकार ने तत्काल राहत देने की घोषणा की है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दुःखद घटना पर गहरा शोक जताया है। साथ ही पी?ित परिवारों को हर संभव सहायता देने के निर्देश दिए हैं। श्री सिलावट ने बताया इस दुर्घटना में जिन कर्मचारियों का निधन हुआ है, उनके परिजन को उसी पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। साथ ही उनके परिवार को सा? चार- सा? चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। घायल कर्मचारी का निःशुल्क इलाज कराने के साथ-साथ 50 ह?ार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि इस दुर्घटना की बारीकी से जाँच करने के आदेश दिए गए हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी को जाँच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्ञात हो इस दुःखद दुर्घटना में नगर निगम के कर्मचारी कुलदीप, प्रदीप व विनोद की मृत्यु हुई है। नगर निगम के कर्मचारी मंजर आलम इस दुर्घटना में घायल हुए हैं, जिनको इलाज के लिए जेएएच के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।



## सर्किल जेल में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर





शिवपुरी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सर्किल जेल शिवपुरी में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.एल. शर्मा के निर्देशन में किया गया। जिसमें मानसिक रोगी, टीबी के संभावित मरीज तथा एचआईवी एड्स एवं नेत्र रोग से पीड़ित 75 बंदियों का परीक्षण किया गया। शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश चतुर्वेदी ने 52 नेत्र रोगियों का परीक्षण करने पश्चात 18 बंदियों को चश्मे के नम्बर वितरित किये गये। इस शिविर का उद्घाटन जेलर श्री अतुल सिन्हा द्वारा किया गया। डॉ. अर्पित बंसल मानसिक रोग चिकित्सक एवं नशा मुक्ति केन्द्र प्रभारी द्वारा समस्त उपस्थित 412 मरीजों को स्मैक तथा गांजा, नशे की सुई का इस्तेमाल आदि ना करने के लिये सलाह दी गई एवं उपचाररत 08 मानसिक रोगियों का गहन परीक्षण किया गया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. आशीष व्यास द्वारा सभी टीबी एवं एचआईवी से पीडित बंदियों की जांच की गई। इनमें से 03 बंदियों के एक्स-रे एवं खंखार जांच कराई गई,जो की नेगेटिव आई। शिविर मे परीक्षण किये गये सभी बंदियों को निःशुल्क दवा वितरित की गई वर्तमान में सर्किल जेल में टीबी से पीड़ित कोई भी बंदी उपचाररत नही है।समस्त उपस्थित बंदियों को खांसी, बुखार, भूख ना लगना और वजन कम होना जैसी शिकायतें होने पर तत्काल जेल चिकित्सक डॉ.रामसुंदर शर्मा से सम्पर्क करें। पूरे कार्यक्रम में जेल फार्मासिस्ट श्री राजेश मांझी का सक्रिय सहयोग स्वास्थ्य विभाग टीम को प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य शिविर में बंदियों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिये कोवेक्सिन का द्वितीय डोज कुल 67 बंदियों को दिया गया। कार्यक्रम का समापन जेल चिकित्सक डॉ. रामसुंदर शर्मा के द्वारा आभार प्रकट कर किया गया।

# चौकीदार फर्जी भर्ती कर हर माह निकाला वेतन

## फर्जी नियुक्ति में नाम किसी का, भुगतान किसी और के खाते में



गोहद। अभी हाल ही मे गोहद एसडीम, पटवारी द्वारा ओला वृष्टि मे हुए गवन का मामला ठंडा नहीं हुआ था कि एक और मामला सामने आया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीम और तहसीलदार ने मिलकर फर्जी चौकीदारो की नियुक्ति कर उनकी राशि अपने सहयोगियों के खाते मे हर महीने भुगतान करवाई जा रही है। उदाहरण के तौर पर चौकीदार का कथाकथित नाम विजय है उनकी नियुक्ति विजय नाम से उसमें खाता किसी और का लगा हुआ है जिसमे हर महीने 1000 से लेकर 30000 तक भुगतान किये गए। कई बार तो एक महीने मे दो बार रूपये का भुगतान किया गया। शासन के नियमों के मुताबिक किसी भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जो बिना नियुक्ति के नौकरी कर रहा है उसे दैनिक वेतन भोगी अथवा ठेकाबेस पर रखने की पद्धति है। चूंकि इन दोनों नौकरियों में पदस्थ कर्मचारी का वेतन पांच से लेकर दस हजार के बीच होता है। लेकिन इस नियुक्ति में चपरासी का वेतन 25 से 30 हजार रूपये भुगतान किया गया है । जबकि उक्त नाम का व्यक्ति चौकीदार कही भी नही हैं तो उसका वेतन हर महीने कैसे भुगतान हुआ ? यदि भुगतान हुआ है तो खाता नंबर किसी तीसरे व्यक्ति का क्यों लगा है। इस प्रकार की दैनिक वेतन भोगी नियुक्ति के मामले में नोटशीट लिखी जाती है इसपर तरहसीलदार का अनुमोदन भी लिया जाता है। इसके अलावा कार्यरत कर्मचारी के भुगतान के लिए हर माह वरिष्ठ अधिकारी जिसके अनुमोदन में नियुक्ति की गई है उसके द्वारा वैरिफाई होने के बाद ही वेतन का भुगतान किया जाता है। जब इस मामले की पड़ताल की गई तो सारा अवैध कारनाम तहसीलदार, एसडीएम एवं पटवारी के सहयोग से किया गया और उस वेतन का हर माह तीनों अधिकारी, कर्मचारियों में बंदरबांट होता है। सूत्रों के अनुसार इस तरह के 17 चौकीदारों के नाम और खाते बदलकर लाखों रुपयों का फर्जीबाड़ा किया गया है जिसकी जाँच कराकर भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कलेक्टर को कार्यवाही करनी चाहिए।

### प्रशासनिक अधिकारियों पर लगे प्रश्नचिन्ह

यदि मामले की उच्च स्तरीय टीम बनाकर जांच की जाए तो पूरा भ्रष्टाचार उजागर हो जाएगा तहसीलदार को मामले की जानकारी होने के बावजूद भी कई महीनों तक फर्जी वेतन निकलवाते रहे। अगर तहसीलदार को मालूम था की फर्जी वेतन निकाला जा रहा है, तो कही महीनों तक वाउचर पर वैरिफाई हस्ताक्षर क्यों किए गए। यदि आरआई की भूमिका थी तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अभी तक क्यों नहीं की गई? कहीं ना कहीं पूरे मामले में वर्तमान तहसीलदार रामजी लाल वर्मा की संदिग्ध भूमिका नजर आ रही है।

### इनका कहना है

मुझे आपके द्वारा जानकारी मिली है अब इसके जानकारी करता हूं आगे जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई होगी।

**शुभम शर्मा**
**एसडीएम गोहद**

# रक्षाबंधन एवं मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं



गोरमी। नगर के थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में एस डी ओ पी राजेश राठौर विशेष अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार शिवदत्त कटारे एवं नवागत थाना प्रभारी सुरेश चंद शर्मा मुख्य नगर परिषद अधिकारी अशोक कुमार मौजूद थे इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों पत्रकारों एवं मुस्लिम भाइयों से मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित एसडीओपी राजेश राठौर एवं नायब तहसीलदार शिवदत्त कटारे ने कहा आगामी दिनों में रक्षाबंधन मोहर्रम जैसे पर्व आने वाले हैं यह सभी पर्व हम सब आपसी भाईचारे के साथ कोविड गार्ड लाइन के अनुसार मनाएं गोरमी नगर को हमेशा शांति एवं सद्भाव के लिए जाना जाता है इसी सद्भावना को हमको आगे भी कायम रखना है इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थाना प्रभारी सुरेश चंद शर्मा ने कहा कि मुझे आप सब लोगों का सहयोग चाहिए। नगर में शांति अपराधियों में पुलिस का भय रहे ऐसी मेरी पूरी कोशिश रहेगी लेकिन आमजन के सहयोग के बिना ऐसा संभव नहीं है इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नरवरिया, वरिष्ठ नेता राजकुमार जैन, भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष पीएस यादव, दलवीर सिंह तोमर, गोकुल सिंह परमार, जयवीर पुरोहित, हरिओम कटारे, कमल दीक्षित, प्रेम सिंह सखवार, श्याम थोकदार, बल्लू जैन, रणवीर परमार, जगत सिंह यादव, सुभाष यादव, राजू भदौरिया, गरीव सिंह यादव, मुन्ना खान, रईस खान, अस्सु खान, दिनेश यादव, सोनू भदौरिया, अनिल मैथिल, अरविंद जैन, किशन प्रसाद कटारे, चरम सिंह, रज्जन भदौरिया, अशोक नरवरिया सहित सैकड़ों गणमान्य जन पत्रकार मौजूद थे।

फोटो नम्बर-05

# शहर में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस का नगरपालिका घेराव आज

भिण्ड। भिण्ड शहर में व्याप्त गंदगी के ढेर, जल भराव, खराब सीवर प्रोजेक्ट, खराब स्ट्रीट लाईट, भ्रष्टाचार, फर्जी कर्मचारियों के भुगतान में भ्रष्टाचार, खराब टूटी फूटी सड़कें आदि जनसमस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में कांग्रेस आज बुधवार को विशाल आंदोलन और नगरपालिका का घेराव करेगी। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने बताया सभी कार्यकर्ता सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय बीटीआई रोड पर एकत्रित होकर रेली के रूप में नगरपालिका की और कूच करेंगे। कार्यक्रम में प्रत्येक कार्यकर्ताओ को बढ़चढ़कर हिस्सा लेना है। और नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन की हठधर्मी को कांग्रेस बर्दास्त नहीं करेगी। आंदोलन में जिला कांग्रेस, नगर कांग्रेस शहर कांग्रेस सेवादल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, अल्पसंख्यक कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, आइटिसेल, पार्षद, पूर्व पार्षद, कांग्रेस सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

# कलेक्टर एवं एसपी ने बाढ प्रभावित ग्राम भारौली कला एवं कछार पहुंचकर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह आज मेहगांव क्षेत्र के बाढ प्रभावित ग्राम भारौली कला एवं कछार में पहुंचकर बाढ प्रभावित ग्रामीणजनों की समस्याऐं सुनी। साथ ही सर्वे कार्य किस स्तर से चल रहा है इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने बाढ प्रभावित ग्रामीण व्यक्तियों से पूछा कि प्रति परिवार 50 किलो खाद्यान्न सामग्री, आलू एवं नमक मिला है कि नहीं। इस पर सभी बाढ प्रभावित ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि उन्हें 50 किलो राषन प्रति परिवार एवं खाद्यान्न सामग्री प्राप्त हो गई है साथ ही सर्वे कार्य भी जारी है जिसके अंतर्गत भी लाभ पहुँचाया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम मेहगांव विजय राय सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि बर्तन, कपड़े आदि की क्षति पर 5000 रुपये, पूर्ण मकान क्षति/मकान मरम्मत योग्य नही होने पर 6000 रुपये की सहायता राशि सर्वे पश्चात प्रभावित व्यक्तियों के खातों में भेजी जा रही है साथ ही घरों की आंशिक क्षति पर विधि अनुसार सहायता सर्वे के पष्चात भेजी जाएगी। कलेक्टर एवं एसपी ने मेहगांव क्षेत्र के ग्राम भारौली कला एवं कछार में मलबे की साफ सफाई, बीमारियों की रोकथाम हेतु ग्राम में एंटी लार्वा, कीटनाशक पाउडर, फिनायल एवं फॉगिंग कार्य कराने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# शिक्षक सम्मान समारोह को लेकर बैठक आयोजित



भिण्ड। हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह को लेकर सर्किट हाउस भिण्ड में विधायक संजीव सिंह के निर्देशन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षकगण मौजूद रहे। शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितंबर को बायपास रोड सांस्कृतिक गार्डन में संपन्न किया जाएगा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य केंद्र का लोकार्पण



मालनपुर। 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मालनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेंआरोग्य केंद्र का लोकार्पण किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिंड अजीत मिश्रा एवं एकजोनोबेल मालनपुर प्लांट के वर्क मैनेजर प्रकाश सालियान जी मौजूद थे। आरोग्य केंद्र की स्थापना प्रोजेक्ट आरोग्य दिशा के तहत की गई है यह एकजोनोबेल की सीएसआर एक्टिविटी के तहत स्टार्ट किया गया है यह प्रोजेक्ट हमारा बचपन ट्रस्ट के द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है आरोग्य केंद्र पर वीडियो कॉल के माध्यम से मरीजों को निशुल्क विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श उपलब्ध हो सकेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीज पर्ची बनवा कर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों से विमर्श करेंगे अगर चिकित्सकों को लगता है कि मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह चाहिए तो वह मरीज को आरोग्य केंद्र के काउंटर पर भेजेंगे यहां पहले मरीज की बेसिक जांच की जाएगी उसके बाद उसकी विशेषज्ञ चिकित्सक से वीडियो कॉल के जरिए बात करवाई जाएगी। चिकित्सक एम फाइन एप के जरिए या व्हाट्सएप के जरिए प्रिसक्रिप्शन का पर्चा भेजेंगे। मौजूद एएनएम मरीज को पर्चे का प्रिंट निकाल कर देगी और मरीज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से पर्चा दिखाकर दवा ले सकेंगे ए एन एम का नाम शारदा बंसल है उनका मोबाइल नंबर 7581886115 है यह प्रोजेक्ट सी एम एच ओ सर के विशेष प्रयास के कारण प्रारंभ हुआ सीएमएचओ अजीत मिश्रा जी ने इस अवसर पर मालनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी उप केंद्रों के कर्मचारियों को इस प्रोजेक्ट के तहत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया है इस अवसर पर डॉक्टर सिखा रिया डॉक्टर एमएस तोमर डॉ नागर एकजोनोबेल से एचआर टीम से शंकर अमित प्रोजेक्ट मैनेजर सचिन कपूर प्रगति मिश्रा व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# अवकाश दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**भिण्ड, ब्यूरो ।**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 20 अगस्त (मोहर्रम), 21 एवं 28 अगस्त (शनिवार), 22 एवं 29 अगस्त (रविवार) तथा 30 अगस्त (जन्माष्टमी) को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त छुट्टी के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में कैश काउंटरों पर बिल भुगतान और भोपाल शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित ए.टी.पी. मशीन में भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

इसके अलावा बिलों के भुगतान की सुविधा एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी

# 06 साल पुराने अंधेकत्ल का खुलासा, घटना में शामिल तीनों आरोपियों गिरफ्तार किया गया



भिण्ड। देहात पुलिस ने मंगलवार को 6 साल पुराने अंधेकत्ल का पर्दाफाश कर दिया और हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। देहात थाना प्रभारी रामबाबू सिंह यादव की टीम के द्वारा थाना देहात के अप0कं0 08/15 धारा 363 भादवि का खुला किया गया। 05 जनवरी 2015 को फरियादी गंगासिंह जाटव नि0 ग्राम मुरलीपुरा भिण्ड ने रिपोर्ट की थी कि मेरा बालक रोहित उम्र 06 साल को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चालाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुनः उक्त अपराध को गंभीरता से लेते हुये नगर पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा एक विशेष टीम का गठन कर पुनः अपराध सदर में अपहृत बालक रोहित उम्र 06 वर्ष की पतारसी के दौरान मामूरशुदा मुखबिरों से चर्चा की गयी तो पूर्व से मामूर एक मुखबिर द्वारा सूचना मिली की 04 जनवरी 2015 को एक छोटे बालक को प्रताप गिरनाम, व देशू लाये थे। जो काफी रो रहा था उस लड़के को प्रताप गिरनाम व देशू उर्फ अवेधश चम्बल नदी की तरफ ले गये थे। मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हुये सन्देही प्रताप पुत्र स्व0 सुन्दरपाल जाटव, गिरनाम सिंह पुत्र सुन्दरपाल जाटव नि0 गण ग्राम थोकापुरा थाना दिमनी जिला मुरैना, देशू उर्फ अवधेश पुत्र भगीरथ जाटव नि0 नीमरीपुरा थाना अम्बाह जिला मुरैना को पकड़ा गया तथा बारीकी से पूछताछ की गयी तो बताया कि वर्ष 2001 में उक्त मृत बालक के परिजनों ने मेरी भांजी की हत्या की थी जिस रजिश का बदला लेने के लिये हम लोगों ने मिलकर रोहित उम्र 06 साल को ग्राम मुरलीपुरा से मोटरसायकल पर बैठाकर नीमरीपुरा जिला मुरैना ले गये । बालक छोटा होने के कारण रो रहा था चुप नही हो रहा था मुझे डर लगने लगा कि कहीं हम लोग पकडे न जाये तो हम लोगों ने मिलकर बालक के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसे एक बोरी में भर दिया तथा बोरी में एक बड़ा पत्थर बांधकर चम्बल नदी में फेंक दिया। आरोपीगणों द्वारा अपराध कबूल किये जाने से अपराध में धारा 302, 201, 120 बी, 34 भादवि का इजाफा की गयी तथा आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया।

घटना के खुलासे में मुख्य भूमिका नगर पुलिस अधीक्षक आनन्द राय, निरी रामबाबू सिंह यादव, उनि बृजेन्द्र तोमर, उनि कौशलेन्द्र गुर्जर, उनि बीरेन्द्र सिंह यादव, सउनि नरेन्द्र सिंह परिहार, सउनि नरेन्द्र चौहान, प्रआर गुरूदास सोही प्रआर अभिमन्यु शर्मा, प्रआर सोनेन्द्र आर सुभाष सन्दीप आर ज्ञानेन्द्र मिश्रा आर राहुल शुक्ला, आर अनिल जाट, आर लोकेश जाट, आर मदनगोपाल की रही।

# नगर की पेयजल समस्या हल करने सीएम से की मांग

गोहद । भाजपा नगर महामंत्री विनोद माहोर ने नगर में फैली पानी की समस्या को लेकर समस्या निदान करने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जिसमें खेद जताते हुए बताया कि गोहद नगर में पेयजलापूर्ति हेतु वेशली डेम होने के बाबजूद भी नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियो ओर ठेकेदारो की मिलीभगत से गोहद नगर को टेंकर घोटाले की भेंट चढ़ा दिया गया है प्रतिवर्ष नगरपालिका द्वारा लाखों रुपयों का भुगतान ठेकेदारो को पेयजलापूर्ति के लिए किया जा रहा है जो एक बहुत बड़ा घोटाला करके शासन के पैसो कां दुरुपयोग है नगर में जब फ़िल्टिर प्लॉट बनाया गया था तब गोहद नगर की आवादी लगभग 30000 थी जो बर्तमान में 1लाख से भी ऊपर है नगरपालिका द्वारा फ़िल्टिर प्लांट की क्षमता को बढ़ाने हेतु कोई भी कदम नहीं उठाया गया है यदि फ़िल्टिर प्लांट की क्षमता को बढ़ाकर ओर बांध में कई वर्षों से जमा सिल्ट को हटवा दिया जाए तो गोहद नगर की पेयजलापूर्ति की समस्या को दूर किया जा सकता है। परंतु नगरपालिका प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नही है क्योंकि टेंकर घोटाले से अधिकारियों को लाखों रुपयों का लाभ है। नगर की जनता में भाजपा के प्रति काफी रोष व्याप्त है क्योंकि यहाँ से पूर्व में विधायक और मंत्री भी भाजपा के ही थे अभी हाल ही में गोहद नगर के व्यापारियों द्वारा धन एकत्रित कर बांध की सिल्ट को हटाने के लिए मुहिम चलाई गई थी बांध में पानी आजाने के कारण वह रुक गई। सरकार भाजपा की ही है और आगामी होने वाले नपा के चुनावों को देखते हुए आमजन की समस्या को समझते हुए समय रहते इस जटिल समस्या का निदान किया जाना आवश्यक है।

# अब 20 अगस्त को होगा मोहर्रम अवकाश

भिण्ड । सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार 20 अगस्त 2021 को मोहर्रम के उपलक्ष्य में सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। पूर्व में घोषित 19 अगस्त 2021 के अवकाश को निरस्त कर दिया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार 20 अगस्त 2021 को मोहर्रम के उपलक्ष्य में निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट 1881 के अंतर्गत सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश का दिन घोषित किया है।

## अमेरिका पर सवाल

तालिबान ने बीते 10 दिन में अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया है। इन लड़ाकों की रफ्तार ने दुनियाभर के सुरक्षा विश्लेषकों को हैरान कर दिया है। उससे ज्यादा हैरानी अमेरिका को लेकर हो रही है। अमेरिका 9/11 हमलों के बाद अल-कायदा को खत्म करने के लिए अफगानिस्तान आया था। तब अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन था। अब 20 साल बाद अमेरिका अफगानिस्तान में स्थिरता और शांति लाने के अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा किए बिना ही लौट रहा है। अभी अमेरिकी सेना पूरी तरह से अफगानिस्तान से गई भी नहीं है और जिस अफगान सेना को अमेरिका ने 20 सालों से तैयार किया था, वह ताश के पत्तों की तरह बिखर रही है। अमेरिका ने कुछ महीनों में ही तालिबान को सत्ता से हटा दिया था। बहुत से लोगों ने मान लिया था कि तालिबान अब खत्म हो जाएगा, लेकिन ये आकलन गलत था। अब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी मान रहे हैं कि तालिबान को लेकर उनका आकलन गलत साबित हो गया है। मगर इससे अब क्या बदलने वाला है। अफगानिस्तान की जो हालत आज पूरी दुनिया देख रही है उसके लिए वह खुद तो जिम्मेदार है ही अमेरिका भी कम कसूरवार नहीं है। अफगानिस्तान तालिबानियों से महफूज रह सके इसके लिए पिछले दो दशक से वहां अमेरिकी और नाटो सैनिक तैनात थे। तालिबान से निपटने और अफगानी सेना की मदद के लिए अमेरिका ने करीब 10 हजार सैनिकों को इस ऑपरेशन में लगाया था। अमेरिकी सेनाओं ने तालिबानियों को हराने के लिए करीब तीन लाख अफगानी फौज को ट्रेनिंग दी। अमेरिका ने देश के सुरक्षा बलों के हथियारों, उपकरणों और ट्रेनिंग पर करीब 65 खरब रुपए खर्च कर दिए। अमेरिका ने अफगानी सैनिकों को अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों से लैस किया। अफगानी वायु सेना तक के रखरखाव का जिम्मा भी अमेरिकी सैनियों ने ही संभाला। इस पूरे अभियान में अमेरिका को अपने 2300 सैनिकों को भी गंवाना पड़ा। मगर अब जबकि उसने अफगानिस्तान को उसके हाल पर छोड़ दिया है तो दुनिया उससे ही सवाल कर रही है। अभी के हालात को देखें तो लोगों ने सालों पहले ही तालिबान को खत्म मान लिया था। यही सबसे बड़ी गलती थी। तालिबानी पूरी तरह अफगानिस्तान से कभी नहीं गए थे। जब अफगानिस्तान में नाटो और अमेरिकी सुरक्षा बल अपनी कामयाबी के शिखर पर थे, तब भी तालिबानी पूरी तरह खत्म नहीं हुए थे। हाल के वर्षों में तालिबान के फिर से उठ खड़े होने के कई कारण हैं। हलांकि इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि अफगानिस्तान सरकार स्थानीय स्तर पर एक सक्षम सेना और पुलिस बल खड़ा करने में नाकाम रही। तालिबान की सबसे प्रमुख मांग है देश में शरिया कानून (इस्लामी कानून) लागू करना। अफगान सेना के पास वायुसेना भी थी और विदेशी सैन्य बलों की मदद भी। तालिबान के पास कोई वायुसेना नहीं है। अफगान सेना के मुकाबले उनके पास भारी हथियार भी कम थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि अफगान सेना इतनी पस्त क्यों साबित हुई है? अफगान सुरक्षा बलों की एक और सबसे बड़ी समस्या ये रही कि उनके पास इतने सैनिक नहीं थे जितने कि कागजों में हैं। इन्हें घोस्ट सोल्जर कहा जाता है। अफगानिस्तान पर नजर रखने वाले सभी लोग इस बारे में जानते हैं। अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उस सेना के लिए फंड हासिल कर रहा था, जो जमीन पर उस संख्या में मौजूद ही नहीं थी। इसमें कोई शक नहीं है कि अमेरिका और नाटो की मदद के बिना अफगानी सेना तालिबान से टक्कर नहीं ले सकती थी। अमेरिका ने अफगान युद्धों पर लगभग दो ट्रिलियन डॉलर खर्च किए हैं। 20 साल से अमेरिकी सेना अफगानिस्तान में तैनात थी। अब पाकिस्तान का तालिबानीकरण कर सकता है। ईरान भी इस खतरे से दूर नहीं है।

## यादों में सावन के झूले

**रमेश सर्राफ धमोरा**



सावन के झूलों ने मुझको बुलाया मैं परदेसी घर वापस आया। सावन आते ही लोगों की जुबान पर ऐसे गाने खुद-ब-खुद आने लगते हैं। पहले लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये सब परंपरायें समाप्त होती जा रही है। अब न तो पेड़ों पर झूले डल़ते हैं और ना ही गीत सुनाई देतें है।

सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। यानी बिन झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। लगातार पड़ रहे प्राकृतिक आपदाओं के कहर का असर माना जाए या वन माफियाओं की टेढ़ी नजर का परिणाम कि गांवों में भी बगीचे नहीं बचे, जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सके व मोर विचरण कर सके।

सावन शुरू होने के बाद भी इसका एहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेंहदी लगाने की परंपरा फिर गीत सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं। महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परंपरा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधन भी हैं।

गांव की बुजुर्ग महिलायें बताती हैं कि सावन के नजदीक आते ही बहन-बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और पेड़ों पर झूला डाल कर झूलती थीं। झुंड के रूप में एकत्रित होकर महिलाएं सावनी गीत गाया करती थीं। त्योहार पर बेटियों को ससुराल से बुलाने की परम्परा आज भी चली आ रही है। लेकिन जगह के अभाव में न तो कोई झूला झूल पाता है और न ही अब मोर, पपीहा व कोयल की सुरीली आवाज ही सुनने को मिलती हैं। बुजुर्गों की मानें तो दस साल पहले रक्षाबंधन तक झूले का आनंद लिया जाता रहा है। गांव के पेड़ पर मोटी रस्सी से झूला डाला जाता था और सारे गांव की बहन-बेटियां झूलती थीं। अब पेड़ ही नहीं हैं तो झूला कहां डालें। सावन के महीने में नवविवाहित महिलाओं को अपने मायके जाने की परम्परा तो आज भी राजस्थान की संस्कृति में अनवरत रूप से चली आ रही है। पहले सावन का महीना आते ही गांव में सावन की मल्हारें गूंजने लगती थी। गांवों में युवतियां श्रावणी गीत गाकर झूला झूलने का आनंद लेती थी। वहीं जिन नव विवाहिता वधुओं के पति दूरस्थ स्थानों पर थे उनकों इंगित करते हुए विरह गीत सुनना अपने आप में लोक कला का ज्वलंत उदाहरण हुआ करते थे। समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। अब सावन माह में कुछ जगहों पर ही झूले दखाई देते हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा अभी भी निभाई जा रही है।

भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। भगवान श्रीकृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। संस्कृति एवं परम्परा की ही देन है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों के गांव और कस्बों में लोग झूला झूलते हैं। विशेष कर महिलाएं और युवतियां इसकी शौकीन होती हैं। सावन व भादो का महीना हमे प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूले झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं।

सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक प्राचीन योग भी है। सावन महीने की विशेषता है कि इस माह हवा अन्य महीनों की तुलना में अधिक शुद्ध होती है। सावन में चारो तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस-उच्छवास लेने की गति में तीव्रता आती है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वांस अधिक भरा, रोका एवं वेग से छोड़ा जाता है। इससे नवीन प्रकार का प्राणायाम पूर्ण हो जाता है जो स्वास्थ्य वर्धक है। झूलते समय रस्सी पर हाथों की पकड़ सुदृढ़ होती है। इसी प्रकार खड़े होकर झूलते समय झूले को गति देने बार-बार उठक-बैठक लगानी पड़ती हैं। इन क्रियाओं से एक ओर हाथ, हथेलियों और उंगलियों की शक्ति बढ़ती है वहीं दूसरी ओर हाथ-पैर और पीठ-रीढ़ का व्यायाम हो जाता है।

अब सावन तो आता है पर अपने रंग नहीं बिखेर पाता। जिस सावन के आते ही नववधु ससुराल से मायके पहुंच जाती थी। अब वैसा सावन नही होता है। वर्तमान समय में अब झूले की परम्परा लुप्त हो रही है। सावन भादों की खुशबू अब कहीं नहीं दिखती है। कुछ स्थानों को छोड़ कर लोग इसका आनंद नहीं ले पा रहे हैं। झूलों के नहीं होने से हमे लोक संगीत भी सुनने को नहीं मिलता है।

आधुनिकता की दौड़ में प्रकृति के संग झूला झूलने की बात अब कहीं नहीं दिखती है। आज से दो दशक पहले तक झूलों और मेंहदी के बिना सावन की परिकल्पना भी नही होती थी। आज के समय में सावन के झूले नजर ही नहीं आते हैं। लोग इसका कारण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ ही वृक्षों की कटाई मानते हैं। लोग अब घर की छत पर या आंगन में ही रेडीमेड फ्रेम वाले लोहे के झूले पर झूलकर मन को संतुष्ट कर रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग सावन के झूलों के लुप्त होने की प्रमुख वजह सुख सुविधा और मनोरंजन के साधनों में वृद्धि को मान रहे हैं। वर्षा ऋतु की खूबियां अब किताबों तक ही सीमित रह गयी है। वर्षा ऋतु में सावन की महिमा धार्मिक अनुष्ठान की दृष्टि से तो बढ़ रही है। मगर प्रकृति के संग जीने की परम्परा थमती जा रही है।

झूला झूलने के खत्म हुए रिवाज के लिए गांवों में फैल रही वैमनष्यता जिम्मेदार हैं। पहले गांव के लोग हर बहन-बेटी को अपनी मानते थे लेकिन अब जमाना बदल गया है। जिसके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा जाता है वही भक्षक बन जाता है। कुल मिला कर बाग-बगीचों के खात्मे के साथ जहां मोर-पपीहों की संख्या घटी है वहीं भाईचारे में कमी आई है। नतीजतन झूला झूलने की परम्परा को ग्रहण लग गया है। पहले संयुक्त परिवार में बड़े-बूढ़ों के सानिध्य में लोग एक दूसरे के घरों में एकत्रित होते थे। आज बढ़ती एकल परिवार की प्रवृति ने आपसी स्नेह को खत्म कर दिया है। महिलाएं सामुदायिक केन्द्रो में जाकर पर्व मनाती हैं। शहरों में अब झूले डालने के लिए जगह की तलाश करनी पड़ती है। अब तो पारम्परिक पहनावा भी आधुनिकता की भेंट चढ़ गया है। अब छुट्टी के दिन लोग परिवार के साथ बाग-बगीचों में जाकर सावन का त्यौहार मनाने की रस्म पूरी करते हैं। वर्षा ऋतु में सावन की खूबियां अब किताबों तक ही सीमित रह गई हैं। प्रकृति के साथ जीने की परम्परा थमती जा रही है। सावन में एक माह तक शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में झूला झूलने का दौर भी अब समाप्त हो गया है।

## कहो तो कह दूं : जब 'दरुओं' को एतराज नहीं तो सरकार काहे परेशान !

**चैतन्य भट्ट**



लो भैया मध्यप्रदेश आबकारी विभाग के सबसे दमदार और जुगाड़ू अफसर जबलपुर के सहायक आयुक्त दुबे जी आखिरकार सस्पेंड हो ही गए ,वैसे दुबे जी की शिकायतें तो लंबे अरसे से चल रही थी लेकिन उनका खूंटा इतना मजबूत था कि पूरा डिपार्टमेंट उसे उखाड़ नहीं पा रहा था ,लेकिन इस बार दुबे जी गच्चा खा गए सरकार ने देखा कि दारू के ठेकेदार ज्यादा दाम पर दारु बेच रहे हैं और उससे दरुओं को भारी परेशानी हो रही है सो चुपचाप सरकार ने जांच करवा ली और जांच में पता लगा कि ये सब तो अपने दुबे जी की सरपरस्ती में चल रहा था ,बस इस खुफिया रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने दुबे जी को सस्पेंड कर दिया, लेकिन इस मामले में अपन दुबे जी के साथ खड़े हैं, अपना मानना यह है कि देखो भाई दरुओं को तो दारु पीना है उनके लिए तो दारू ही सब कुछ है भले ही वह कितने दामों पर क्यों ना मिले, फिर महंगाई तो हर जगह है, पेट्रोल ?110 रुपैया लीटर मिल रहा है उसके बाद भी लोग भरवा रहे हैं कोई ÷चूं चपाट÷ नहीं कर रहा क्योंकि उसके बिना काम नहीं चलता यही हाल होता है दरुओं का, अगर दारू न पिएं तो उनके हाथ पैर काम नहीं करते, मन में घबराहट सी होने लगती है ,और दिमाग में बेचैनी सी छाने लगती है कुछ भी न तो अच्छा लगता है और न बुरा ,ऐसा लगता है जैसे जिंदगी थम गई हो और जैसे ही दो चार पैग या एकाध पौवा अंदर जाता है पूरी दुनिया रंगीन दिखाई देने लगती है, तो जब दरुओं को कोई एतराज नहीं है दारू के दाम बढ़ने का या ठेकेदारों द्वारा ज्यादा पैसे लेने का तो फिर सरकार काहे को परेशान हो रही है । आपने तो ठेका दे दिया जितना ठेके के लिए पैसा चाहिए था वो भी ठेकेदारों ने दे दिया अब ठेकेदार अपने हिसाब से तो बिक्री करेगा, जिसको पीना है आए पिए और जिसको लगता है कि नहीं दाम ज्यादा है तो वह दारू छोड़ के एकदम ÷साधु÷ बन जाए, लेकिन ठेकेदार भी जानते हैं कि दरूआ तो बना ही है दारू पीने के लिए, दारू के दाम कितने ही बढ़ जाएं लेकिन उसे पीना है तो पीना है, वैसे अपनी सरकार को एक और सलाह है कि देखो आप भले ही सरकार हो लेकिन ÷दुबेजी÷ से पंगा मत लेना क्योंकि दुबे जी का जुगाड़ कोई छोटा मोटा तो है नहीं कितनी शिकायतें होती रहती है लेकिन उनके माथे पर आज तक आज तक अपन ने शिकन नहीं देखी, उनका मानना है ÷कोयले की कोठरी में बैठे हैं तो दाग तो लगना ही है लेकिन इन दागों की उन्होंने ना कभी परवाह की है और ना कभी इन दागों को धोने की कोशिश भी की ।अपन तो डंके की चोट पे कह रहे हैं कि दुबे जी को ज्यादा दिनों तक आप ÷बंधक÷ बना कर नहीं रख सकते, दो चार ही महीने की बात है दुबे जी ऐसा जुगाड़ लगाएंगे, ऐसा जुगाड़ लगाएंगे कि सारे बड़े अफसर जिन्होंने उन्हें सस्पेंड किया है वहीं उन्हें बकायदा बहाल करके फिर एक बार बड़ी जिम्मेदारी देंगे और दुबे जी मस्त होकर फिर अपने काम में लग जायेंगे।

### आशीर्वाद की तो हमें जरूरत है

आजकल भारतीय जनता पार्टी जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है जगह-जगह से निकलने वाली इन आशीर्वाद यात्रा में जो नेता शामिल है वे जगह-जगह जाकर जनता से, धर्मगुरुओं से, मीसा बंदियों से महिलाओं से, आशीर्वाद मांगेंगे ,ये यात्रा इसलिए भी निकल रही है क्योंकि अभी तीन विधानसभा और एक लोकसभा का चुनाव सामने हैं ऐसे में जनता का आशीर्वाद बहुत जरूरी हो जाता है नेताओं के लिए। क्योंकि एक ही ऐसा मौका है जब नेता आशीर्वाद लेने आते हैं वरना फिर जनता को कौन पूछता है? वैसे अपना मानना तो ये है कि अब नेताओं की बजाय जनता को ÷जन आशीर्वाद यात्रा निकालकर हर नेता हर मंत्री के दरवाजे पर जाकर उनसे आशीर्वाद मांगना चाहिए।उनसे यह आशीर्वाद मांगे कि हुजूर कि हमें पेट्रोल के दाम कम करने का आशीर्वाद दे दो, महंगाई कम हो जाए इसका आशीर्वाद दे दो, हमारे बच्चों को रोजगार मिल जाए इसका आशीर्वाद दे दो, महिलाएं खाली सिलेंडर लेकर उनसे इस बात का आशीर्वाद मांगे कि भाई साहब इसकी जो सब्सिडी आप लोगों ने खत्म कर दी है वो फिर से बहाल करने का आशीर्वाद आप हमें दे दें।

## ....और अब 'बेलैट-बुलेट' आमने-सामने

**ओमप्रकाश मेहता**

देश की राजनीति में वोट और अपराध को लेकर प्रजातंत्र के दो स्तंभों न्यायपालिका और विधायिका (सुप्रीम कोट व सरकार) के बीच तीखी तकरार शुरू हो गई है, केन्द्र सरकार व सत्तारूढ़ दल वोट की राजनीति में व्यस्त है, तो सुप्रीम कोर्ट राजनीति में अपराधीकरण पर सख्त हो गया है, सरकार खुलकर न्यायपालिका की उपेक्षा कर राजनीतिक हित साधने की दृष्टि से देश के पिछड़े वर्ग को आरक्षण देने का फैसला राज्य सरकारों को सौंपने का कानून संसद से पारित करवा चुकी है, जिसके बारे में महज चार महीनें पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने अहम् फैसले ने यह अधिकार केन्द्र सरकार को सौंपा था, वहीं सुप्रीम कोर्ट राजनीति में अपराधिकरण के मुद्दें पर राजनीतिक दलों पर फंदा कस रही है और यहां तक तल्ख टिप्पणी कर रही है कि आपराधिक छवि वाले नेताओं को कानून बनाने का अधिकार नहीं दिया जाना चाहिये इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने यह आदेश भी जारी कर दिया है कि राज्य सरकारें राजनेताओं पर चल रहे अपराधों के मामलों को बगैर उच्च न्यायालयों की पूर्व इजाजत के वापस नहीं ले सकती और राजनीतिक दलों को अपने चुनावी प्रत्याशियों के आपराधिक रिकार्ड नामों की घोषणा के 48 घंटें की समय सीमा में चुनाव आयोग को प्रस्तुत करना होगें।

सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रूख के कारण देश के राजनीतिक दलों में खलबली मच गई है, राजनीति में अपराधिकरण दिन दूना-रात चौगुना बढ़ रहा है और इस मामले में जहां चुनाव आयोग अपने आपको राजनीतिक दबावों के कारण असहाय मान रहा है, वहीं न्यायपालिका भी काफी परेशान रही है, चुनाव आयोग पर चूंकि सत्तारूढ़ दल हावी रहता है, इसलिए वह इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की मद्द भी नही कर पा रहा है। इसलिए अब सुप्रीम कोर्ट को स्वयं ही सख्त रूख अपनाने को बाध्य होना पड़ा है। यदी ऐसी स्थिति में यह कहा जाए कि विधायिका अपने हितों को वरियता देकर न्यायपालिका के क्षेत्र में हस्तक्षेप कर या उसका महत्व नकार कर राजनीति कर रही है तो कतई गलत नहीं होगा, जिस सर्वोच्च न्यायालय ने महज चार महीनें पहले पिछड़े वर्ग की सूची तैयार करने का अधिकार केन्द्र सरकार को दिया, वहीं अधिकार केन्द्र सरकार संसद से कानून पारित करवाकर राज्य सरकारों को सौंपने जा रही है, अब इसे प्रजातंत्र को दो प्रमुख स्तंभों में शुद्ध रूप से टकराव ही कहा जाएगा और जहां तक तीसरे स्तंभ कार्यपालिका का सवाल है उसे तो सत्तारूढ़ दल व केन्द्र सरकार के अधीन ही रहना है। इसलिए उसका तो स्वाभाविक रूप से केन्द्र व सत्तारूढ़ दल को ही सहयोग प्राप्त होगा, इस प्रकार अब मुख्य रूप से विधायिका (सरकार) व न्यायपालिका (सुप्रीम कोट) के बीच ही अपने-अपने अस्तित्व की रक्षा की यह मुख्य लड़ाई है, अब इससे देश कितना प्रभावित होता है और वह किसके साथ है? इसका स्पष्ट फैसला होना अभी शेष है, वैसे यदि इस मामले में देश के अभी तक के संकेतों पर ध्यान दिया जाए तो देश न्यायपालिका के साथ खड़ा नजर आ रहा है, क्योंकि देश का आम नागरिक यह नहीं चाहता कि कोई भी प्रलोभन के माध्यम से उसका वोट खरीदने की कोशिश की जाए।

## स्वतंत्रता दिवस पखवाड़ा पर विशेष कविता

### शिर्षक - 'मानवता के दीप जलायें'

ऐ मेरे भारत के लोगों,
आवो कुछ बेहतर कर जायें !
मन के अँधियारे को मिटाकर,
मानवता के दीप जलायें..... !!

कोई नहीं यहाँ ऊँचा - नीचा,
मानव - मानव एक समान.
हाड़ - मांस और रक्त एक है,
सब हैं प्रकृति की संतान.
जब उसने नहीं समझा दूजा,
फ़िर क्यूँ हम ग़लती दोहराएं !
मन के अँधियारे को मिटाकर
मानवता के दीप जलायें...... !!

हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई,
बौद्ध, जैन और पारसी.
सबसे मिलकर वतन है सजा है,
कहती है माँ भारती.
सब हैं इक माला के मोती,
इन्हें तोड़कर ना बिखरायें !
मन के अँधियारे को मिटाकर
मानवता के दीप जलायें..... !!

ये धरती है संतों और,
महापुरुषों के बलिदान की.
सत्य - अहिंसा और शांति के,
दूतों के अरमान की.
आवो मिलकर उनकी अमृत
वाणी को जग में फैलायें !
मन के अँधियारे को मिटाकर,
मानवता के दीप जलायें....
मानवता के दीप जलायें !!

**रचनाकार - एम. महेन्द्र सरस**
**प्रयोगशाला सहायक शिक्षक**
**लाँजी, बालाघाट (म. प्र.)**



## दबंग इरादों ने बनाया रवि दहिया को ओलम्पिक विजेता

**योगेश कुमार गोयल**



टोक्यों में 'खेलों के महाकुंभ' में भारत के लिए 5 अगस्त का दिन ऐतिहासिक रहा। दरअसल उस दिन न केवल भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को 5-4 से हराकर ओलम्पिक में भारत का 41 वर्षों का सूखा खत्म कर कांस्य पदक जीता, वहीं शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया रजत पदक जीतने में सफल रहे। वैसे रवि को ओलम्पिक के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने की पूरी उम्मीद थी लेकिन 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में 2018 और 2019 के विश्व चैम्पियनशिप रह चुके रूस ओलम्पिक समिति के पहलवान जावुर युगुऐव से 7-4 से हारने के बाद उनका यह सपना चकनाचूर हो गया। अभी तक कुश्ती में कोई भी भारतीय पहलवान स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुआ है और इस बार रवि इसी उम्मीद के साथ टोक्यो गए थे। रजत जीतने के बाद उन्होंने कहा भी है कि वह गोल्ड मैडल की उम्मीद से टोक्यो आए थे और रजत से संतुष्ट नहीं हैं। वैसे ओलम्पिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में आज तक केवल अभिनव बिंद्रा ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जो स्वर्ण पदक जीत सके हैं। उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलम्पिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत की झोली में इतनी बड़ी जीत डाली थी।

हालांकि ओलम्पिक के रेसलिंग मुकाबलों में रवि का रजत पदक भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि ओलम्पिक खेलों के इतिहास में पदक जीतने वाले वे पांचवें पहलवान बने और रेसलिंग में भारत का यह छठा पदक था। पहलवान सुशील कुमार ने ओलम्पिक में लगातार दो बार पदक जीते थे। भारत को सबसे पहले 1952 में हेलसिंकी ओलम्पिक में पहलवान केडी जाधव ने कांस्य पदक दिलाया था। उसके बाद रेसलिंग में पदक के लिए 56 वर्षों का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उस लंबे सूखे को 2008 में सुशील कुमार ने बीजिंग ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतकर खत्म किया था। उसके बाद 2012 के लंदन ओलम्पिक में दो भारतीय पहलवानों ने जीत का परचम लहराया। सुशील कुमार रजत और योगेश्वर दत्त कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। 2016 के रियो ओलम्पिक में साक्षी मलिक ने कांस्य पदक हासिल किया था।

जहां तक 23 वर्षीय भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया के ओलम्पिक में प्रदर्शन की बात है, सुशील कुमार के बाद वह ओलम्पिक में रजत पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बन गए। ओलम्पिक में रवि ने पहले दौर में कोलम्बिया के टिगरेरोस उरबानो ऑस्कर एडवर्डो को 13-2 से हराकर शानदार शुरूआत की थी और 4 अगस्त को अपने ओलम्पिक अभियान की मजबूत शुरुआत करते हुए क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया के जॉर्डी वेलेंटिनोव वेंगेलोव को तकनीकी दक्षता के आधार पर 14-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 4 अगस्त को रवि ने पुरुषों के 57 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के नूरीस्लाम सानायेव को विक्ट्री बाई फॉल के जरिये पटखनी देते हुए रजत पदक पक्का कर लिया था। सेमीफाइनल मुकाबले में जब रवि ने मैच के आखिरी मिनट में कजाक पहलवान को अपनी मजबूत भुजाओं में जकड़ लिया था, तब उसने रवि की पकड़ से छूटने के लिए खेल भावना के विपरीत उनकी बांह पर दांतों से काटना शुरू कर दिया था लेकिन रवि ने अपने दबंग इरादों का परिचय देते हुए अपनी मजबूत पकड़ ढ़ीली नहीं होने दी और उसे चित्त करते हुए मुकाबला अपने नाम किया था।

12 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के सोनीपत जिले के नाहरी गांव में जन्मे रवि कुमार दहिया ने केवल छह वर्ष की आयु में गांव के हंसराज ब्रह्मचारी अखाड़े में कुश्ती शुरू कर दी थी। दरअसल यह गांव पहलवानों का गांव माना जाता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां का लगभग प्रत्येक बच्चा कुश्ती में अपने हाथ आजमाता है। कुछ समय बाद वह उत्तरी दिल्ली के उस छत्रसाल स्टेडियम में चले गए, जहां से दो ओलम्पिक पदक विजेता सुशील कुमार और योगेश्वर दत्त निकले हैं। वहां 1982 के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे सतपाल सिंह ने उन्हें दस वर्ष की आयु में ही ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी।

रवि के पिता राकेश एक भूमिहीन किसान थे, जो बंटाई की जमीन पर खेती किया करते थे। उनकी दिली तमन्ना थी कि उनका बेटा पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करे और अपनी इसी ख्वाहिश को पूरा करने के लिए उन्होंने आर्थिक संकट के बावजूद बेटे की ट्रेनिंग में कोई कमी नहीं आने दी। वह प्रतिदिन बेटे तक फल ओर दूध पहुंचाने के लिए नाहरी गांव से 40 किलोमीटर दूर छत्रसाल स्टेडियम तक जाया करते थे।

बहरहाल, दो बार के एशियन चैम्पियन रह चुके रवि ने जिस अंदाज में कुछ दिग्गज पहलवानों को हराते हुए टोक्यो ओलम्पिक के लिए क्वालीफाई किया था और कजाकिस्तान के नूर सुल्तान में अपनी पहली ही 2019 विश्व रेसलिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने में सफल हुए थे, उसे देखते हुए उनसे ओलम्पिक में श्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीदें काफी बढ़ गई थी। टोक्यो ओलम्पिक में वह भले ही स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुए लेकिन उन्होंने भारत को अपने दमदार प्रदर्शन से रजत जीतकर निराश नहीं किया। 2019 में कजाकिस्तान के नूर सुल्तान में हुई विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान के युकी ताकाहाशी को 6-1 से मात देते हुए सेमीफाइनल में पहुंचकर रवि ने टोक्यो ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई किया था और ईरान के रेजा अत्री नागाहरची को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया था।

# किसिंग करते हुए हो गई थीं बेहद नर्वस: दीक्षा सिंह



एक सफल मॉडल होने से लेकर सोनी लिव और मैडॉक आउटसाइडर के नवीनतम वेब शो 'चुट्ज़पाह' के साथ अभिनय की शुरुआत करने तक, दीक्षा सिंह ने एक लंबा सफर तय किया है. शो में अपने करैक्टर नीना के शानदार चित्रण के लिए अभिनेत्री की बहुत सराहना की गई है, जिसे वह लेयर्ड और परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड के रूप में याद करते हुए बताती है.

दीक्षा, जो 2015 फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में एक रनर अप रह चुकी हैं, उन्हें अपने डेब्यू शो में सह-कलाकार क्षितिज चौहान के साथ किसिंग सीन परफॉर्म करते हुए सबसे महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना था.

दीक्षा कहती हैं,मैं यह जानकर नर्वस थी कि मुझे अपने डेब्यू वेब शो में किसिंग सीन परफॉर्म करना था. मेरे लिए यह बहुत नई बात थी और वह भी शूटिंग के पहले दिन. आईडिया यह था कि इसे बहुत स्वाभाविक और सहज बनाया जाए. जब मैंने शो के निर्देशक सिमरप्रीत को सूचित किया कि मैं इस सीन के बारे में बहुत कॉन्शियस हूं, तो उन्होंने मेरी चिंता को समझा और मुझे व क्षितिज को एक साथ कुछ समय बिताने और खुद को कंफर्टेबल होने का सुझाव दिया क्योंकि वह भी थोड़ा नर्वस थे. कुछ रीटेक के बाद शॉट अच्छे से हो गया.

एक्टिंग की दुनियां में अपने डेब्यू पर बात करते हुए, दीक्षा आगे कहती हैं, नीना एक लेयर्ड करैक्टर है और मैं अपने पहले वेब शो में एक परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड करैक्टर को चित्रित करने का अवसर पाकर खुश हूं. मैं नीना को एक सुपरहीरो मानती हूं, क्योंकि वह शो में अपना काम बेहद सहजता से करती है.23 जुलाई से सोनी लिव पर स्ट्रीम कर रहा, 'चुट्ज़पाह' को दर्शकों, उद्योग और आलोचकों से इसकी अनूठी अवधारणा, शानदार प्रदर्शन और कलाकारों की टुकड़ी के लिए शानदार समीक्षा मिल रही है.

दिनेश विजन द्वारा निर्मित, मृगदीप द्वारा रचित, अमित बब्बर और मृगदीप द्वारा लिखित, 'चुट्ज़पाह' सिमरप्रीत सिंह द्वारा निर्देशित है और इसमें वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, गौतम मेहरा, तान्या मानिकतला, एलनाज़ नोरोज़ी, क्षितिज चौहान, आशिमा महाजन और दीक्षा सिंह सहित अन्य जेन-एक्स के लोकप्रिय कलाकार शामिल हैं. अपने टाइटल पर खरा उतरते हुए, नए जमाने के वेब शो का ट्रेलर हर किसी के जीवन में इंटरनेट और सोशल मीडिया की प्रासंगिकता को दर्शाता है, जिसने दर्शकों का ध्यान खींच लिया है. 'चुट्ज़पाह' अब सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।

## मिर्जापुर के बाद फिल्म शेरदिल में फिर नजर आएंगे पंकज त्रिपाठी और रसिका दुग्गल



डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दिग्गज अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अपने अभिनय का जौहर दिखाया है। वेब सीरीज मिर्जापुर ने पंकज के करियर को एक नया आयाम दिया है। इस सीरीज में पंकज ने बाहुबली गैंगस्टर कालीन भईया का किरदार निभाया था। वहीं, इस सीरीज में अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने उनकी पत्नी की भूमिका निभाई थी। खबरों की मानें तो मिर्जापुर के बाद पंकज और रसिका आगामी फिल्म शेरदिल में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मिर्जापुर में साथ नजर आने के बाद पंकज और रसिका की जोड़ी आगामी फिल्म शेरदिल में एक बार फिर नजर आ सकती है। यह फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली है। इस फिल्म में इंसान और जानवरों के बीच के संघर्ष को दिखाया जाएगा। श्रीजीत मुखर्जी इस फिल्म में निर्देशन की कमान संभालेंगे। उन्होंने इससे पहले बेगम जान और नेटफ्लिक्स की रे की एक खास कहानी को निर्देशित किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी उत्तराखंड के एक ऐसे गांव की है, जहां अक्सर प्राकृतिक आपदा आती रहती है। पंकज उस गांव की पंचायत के प्रमुख के किरदार में दिखाई देंगे। वह जंगलों में जाते दिखाई देंगे। उन्हें अक्सर आपदा व जानवरों से अपने परिवार को बचाने के लिए संघर्ष करते हुए देखा जाएगा। श्रीजीत ने इस फिल्म को सुदीप निगम के साथ मिलकर लिखा है। इस फिल्म में रसिका पंकज की पत्नी की भूमिका में फिर से दिखाई देंगी। शिप ऑफ थिसियस और शेरनी में काम करने वाले अभिनेता नीरज काबी भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म का ऐलान 2019 में ही हो गया था। कोरोना महामारी के कारण 2020 में फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं हो पाई थी। मेकर्स नवंबर या दिसंबर में उत्तराखंड के लोकेशन पर फिल्म को शूट करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म की कहानी एक सच्ची घटना से प्रेरित होगी। यह श्रीजीत का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।

# ऑस्टियोअर्थराइटिस के रोगी जोड़ों के दर्द और जकड़न से राहत पाने के लिए अपनाएं ये उपाय



ओस्टियोअर्थराइटिस अर्थराइटिस का एक प्रकार है। इससे ग्रस्त व्यक्ति को जोड़ों के दर्द और जकड़न का अक्सर सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर रोगी बार-बार डॉक्टर के पास नहीं जा सकते हैं तो वे इन समस्याओं का इलाज घर बैठे भी कर सकते हैं। आइए आज कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में जानते हैं जिन्हें अपनाकर ओस्टियोअर्थराइटिस से ग्रस्त लोग जोड़ों के दर्द और जकड़न से राहत पा सकते हैं।

**ग्रीन टी का सेवन करना है लाभदायक:** ग्रीन टी एक स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ है और इसके नियमित सेवन से ओस्टियोअर्थराइटिस से ग्रस्त लोग जोड़ों के दर्द और जकड़न से कुछ हद तक राहत पा सकते हैं। दरअसल, ग्रीन टी एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के साथ-साथ पॉलिफिनॉल्स जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होती है जिनका जोड़ों के कार्टिलेज यानि ग्रीस पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बता दें कि कार्टिलेज के प्रभावित होने पर ही ओस्टियोअर्थराइटिस की समस्या होती है।

**सेंधा नमक से मिलेगी राहत:** ओस्टियोअर्थराइटिस से ग्रस्त लोग जोड़ों के दर्द और जकड़न से राहत पाने के लिए सेंधा नमक का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। दरअसल, सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट जैसे पोषक तत्व सम्मिलित होते हैं जो दर्द और जकड़न निवारक की तरह काम कर सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए नहाने के पानी में सेंधा नमक मिलाएं और फिर प्रभावित हिस्से को 30 मिनट तक इस पानी में डुबोकर बैठ जाएं। इससे आपको काफी आराम मिलेगा।

**हल्दी का सेवन भी है प्रभावी:** स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से छुटकारा दिलाने में हल्दी का सेवन सबसे कारगर घरेलू नुस्खों में से एक है। हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और कई अन्य गुण मौजूद होते हैं जो न सिर्फ बीमारियों को दूर करते हैं, बल्कि जोड़ों में दर्द और जकड़न की समस्या से भी राहत दिला सकते हैं। इसलिए जब भी ओस्टियोअर्थराइटिस के रोगियों को जोड़ों में दर्द या फिर जकड़न हो तो दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर उसका सेवन करें।

**कोल्ड कंप्रेस से करें सिकाई:** कोल्ड कंप्रेस की मदद से भी ओस्टियोअर्थराइटिस के रोगियों को जोड़ों के दर्द और जकड़न से राहत मिल सकती है। राहत के लिए कोल्ड पैड से प्रभावित हिस्से की सिकाई करें। अगर आपके पास कोल्ड पैड नहीं है तो एक तौलिये का थोड़ा सा हिस्सा ठंडे पानी में डुबो लें और फिर इसे निचोड़कर चार-पांच मिनट तक इसे प्रभावित जगह पर लगाकर रखें। ऐसा दिन में दो-तीन बार करने से आपको काफी आराम मिलेगा।

# महेश बाबू ने प्रभास के साथ स्वीकार की क्लैश की चुनौती, सरकारू वारी पाटा की रिलीज डेट आउट



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता महेश बाबू ने अपनी अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि महेश बाबू की अपकमिंग फिल्म का टाइटल सरकारू वारी पाटा है। जिसका नया पोस्टर बीते दिन रिलीज कर दिया है। इसी के साथ महेश बाबू ने फिल्म सरकारू वारी पाटा की रिलीज डेट का ऐलान भी कर दिया है। फिल्म सरकारू वारी पाटा अगले साल सक्रांति के मौके पर रिलीज होने वाली है। महेश बाबू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म सरकारू वारी पाटा का एक नया पोस्टर शेयर करते हुए इस बात का ऐलान किया है। महेश बाबू ने बताया कि उनकी फिल्म सरकारू वारी पाटा 13 जनवरी साल 2022 को मकर सक्रांति के मौके पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के पोस्टर के सामने आने के बाद अभिनेता के चाहने वालों की खुशी का ठिकाना ही नहीं है। फैंस अभिनेता को अपने अपने अंदाज में इसके लिए बधाइयां भी दे रहे हैं। अगर हम बात करें सरकारू वारी पाटा फिल्म के नए पोस्टर की तो इसमे महेश बाबू लाल रंग की कार से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान उनका डैशिंग अवतार नजर आ रहा है। फिल्म में महेश बाबू के साथ कीर्ति सुरेश भी मुख्य किरदार में नजर आने वाली है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते दिनों ही अभिनेता प्रभात ने भी अपनी अगली फिल्म राधे श्याम की रिलीज डेट का ऐलान किया था। उन्होंने बताया था कि उनकी ये फिल्म मकर सक्रांति के मौके पर अगले साल रिलीज होने वाली है। इसके बाद फिल्मी दुनिया में हलचल हो गई और ऐसे में महेश बाबू ने भी अपनी फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान करते हुए प्रभास के साथ क्लैश की चुनौती को भी स्वीकार कर लिया है।

## भूमि पेडनेकर आयी नजर ग्राज़िया मैगज़ीन के कवर पेज पर



भूमि पेडनेकर ने अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म दम लगा के हईशा में एक ओवर वेट औरत का रोल निभाया था, एक ऐसा रोल जो कई एक्ट्रेस करने से मना कर दे। उन्होंने पहली फिल्म में अपनी शानदार परफॉरमेंस से सबका दिल जीता था और फिल्म के बाद उनका ट्रांसफॉर्मेशन सराहनीय था। पहली फिल्म के बाद से भूमि ने कई उन्दा परफॉरमेंस देकर ऑडियंस को इम्प्रेस किया है। अब वह नजर आ रही है ग्राज़िया मैगजीन के कवर पेज पर। कवर पेज शेयर करते हुए भूमि ने लिखा, एम्बिशन. एक्टिविज्म. आइडेंटिटी. इस कवर पेज पर वह बेहद हॉट लग रही है और उन पर से नजरे हटाई नहीं जा रही है। यश राज फिल्म्स में एक असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर से लेकर उनकी ही फिल्म में डेब्यू करना, भूमि ने आज इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान और जगह बना ली है। उनकी चॉइस ऑफ़ फिल्म्स की वजह से उन्हें हमेशा ही ऑडियंस का प्यार मिला है और क्रिटिक के बीच भी वह काफी फेमस है। जब कोविड की दूसरी लहर ने देश को जकड़ा था, भूमि ने आगे आकर दिन रात लोगों की मदद की और इस वजह से उनके चाहने वालों के की संख्या बढ़ती गयी। वर्कफ्रंट पर, भूमि अब बधाई दो फिल्म में नजर आएंगी जो बधाई हो का सेकंड इन्स्टालमेन्ट है।फिल्म में भूमि और राजकुमार राओ लीड रोल में नजर आएंगे।

# रक्षाबंधन विशेष: अपनी बहन को दें ये खास गिफ्ट, त्योहार बन जाएगा यादगार




रक्षाबंधन यानी भाई-बहन का त्योहार। इस रिश्ते में जहां ढेर सारा प्यार होता है, वहीं छोटी-मोटी तकरार भी रहती है। भले ही भाई-बहन का रिश्ता जैसा भी हो, लेकिन रक्षाबंधन दोनों के लिए ही बहुत खास होता है। ऐसे में अगर आप इस मौके पर अपनी बहन को खुश करने के लिए कुछ गिफ्ट्स के विकल्प खोज रहे हैं तो आप हमारे बताए इन विकल्पों को अपना कर सकते हैं। यकीनन ये आपकी बहन को खूब पसंद आएंगे।

### मेकअप किट या फिर स्टाइलिश क्लच

मेकअप किट: अगर आपकी बहन को मेकअप करना बेहद पसंद है तो आप उसे किसी अच्छी क्वालिटी की लेटेस्ट मेकअप किट गिफ्ट कर सकते हैं। वह गिफ्ट में इसे पाकर बेहद खुश हो जाएगी। स्टाइलिश क्लच: अक्सर किसी शादी या पार्टी में जाने के लिए लड़कियां डिजाइनर क्लच (पर्स) का इस्तेमाल करती है क्योंकि ये स्टाइलिश क्लच फैशन का हिस्सा हैं। इसलिए आप भी अपनी बहन को एक स्टाइलिश क्लच गिफ्ट करके खुश कर सकते हैं।

### डिजाइनर साड़ी या ड्रेस

आजकल कई लड़कियों को डिजाइनर और सोबर साड़ियां या ड्रेस बहुत पसंद हैं। डिजाइनर और सोबर साड़ियां या ड्रेस ट्रेंड में हैं और ये तो सभी जानते हैं कि लड़कियों को ट्रेंडिंग चीजें कितनी पसंद होती हैं। अगर आपको समझ नहीं आ रहा कि रक्षाबंधन पर आप अपनी बहन को क्या गिफ्ट दें तो आप उसे कोई अच्छी सी डिजाइनर साड़ी या ड्रेस गिफ्ट के रुप में देकर खुश कर सकते हैं।

### सोने के गहने

रक्षाबंधन के इस खास त्योहार पर आप अपनी बहन को सोने के गहने भी दे सकते हैं क्योंकि लड़कियों को गहने बेहद प्रिय होते हैं और फिर सोने के गहनों की तो बात ही कुछ और होती है। आप कोई भी अंगूठी, चूड़ी, कड़ा या ज्वैलरी सेट आदि अपनी बहन को गिफ्ट कर सकते हैं। यकीनन आपका यह गिफ्ट आपकी बहन के लिए यादगार बन जाएगा।

### अद्भुत केयर पैकेज

केयर पैकेज से हमारा मतलब सिर्फ यह नहीं कि आप कोरोना महामारी को देखते हुए सुरक्षा से जुड़ी चीजे दें। यहां केयर पैकेज का मतलब है कि कोई एक गिफ्ट देने की जगह आप अपनी बहन के लिए बहुत सारे छोटे-छोटे उपहार मिलाकर एक केयर पैकेज बना सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर, आप केयर पैकेज में पर्सनल ग्रूमिंग के सामान के साथ-साथ कुछ ऑनलाइन गिफ्ट वाउचर, मोबाइल होल्डर, की-चेन और पर्स आदि शामिल कर सकते हैं।

## घने जंगल में बंदूक लिए दबंग अंदाज में नजर आई सनी लियोन, वायरल वीडियो



सनी लियोन बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों की लिस्ट में आती हैं जो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। जहां पर सनी लियोन अपनी तस्वीरें और वीडियो अक्सर फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। आपको बता दें कि सनी लियोन के सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स है। अभिनेत्री अक्सर अपने फैंस के साथ अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के किस्से और यादों को शेयर करती रहती हैं। हाल ही में सनी लियोन ने एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमे उनका दबंग अंदाज दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर सनी लियोन का ये वीडियो काफी तेजी से वायरल और उनके चाहने वाले भी काफी पसंद कर रहे हैं। अगर हम बात करें सनी लियोन के इस वीडियो की तो इसमे वो घने जंगल में बंदूक लिए दबंग अंदाज में चलते हुए नजर आ रही है। इस दौरान उनके पीछे कई लोग है। अब तक सनी लियोन के इस वीडियो पर ढेर सारे कॉमेंट्स और लाइक मिल चुके है। अगर अब बात करें सनी लियोन के काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। सनी लियोन शीरो नाम की एक फिल्म में दिखाई देंगी। जिसकी शूटिंग अभिनेत्री पिछले काफी समय से कर रही है। सनी लियोन की ये फिल्म एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर मूवी है।




## वन-टू-वन





### समाज सेवी गोलू चौहान एवम थाना पुरानी छावनी पुलिस की मदत से बच्ची पहुँची सुरक्षित अपने घर

**सुरजीत सिंह, पुष्पांजली टुडे, 9425702306**

ग्वालियर- समाजसेवी गोलू चौहान की सतर्कता से डायल 100 एवम थाना पुरानी छावनी पुलिस कर्मियों की मदत से खोई हुई बच्ची पहुँची अपने घर। आपको बता दे कि बच्ची अपने घर से मुरैना रोड स्तिथ तलबार बाले हनुमान जी के मन्दिर पर पहुँच गई जिसके बाद अपने घर का रास्ता भूल गई थी जिसके चलते घर बाले भी काफी परेशान थे बच्ची के घर न आने के कारण। मन्दिर पर अचानक समाजसेवी गोलू चौहान की नजर बच्ची पड़ी चूंकि बह अकेली खड़ी थी जिस पर गोलू चौहान ने पूछताछ की जब कुछ बच्ची नही बता पाई तो गोलू ने डायल 100 को सूचना दी और और बच्ची को थाना पुरानी छावनी ने बच्ची को लेकर घर का पता लगाने का प्रयास किया और जानकारी करने पर पता चला कि भारती परमार उम्र 14 वर्ष इंद्रा नगर की रहने बाले बद्री परमार की बच्ची है और भारत सिंह तोमर के मकान में निवास करते है। घर बालो के अनुसार बताया जा रहा है कि बच्ची मानसिक स्तिथि ठीक नही रहती है।

#### इनकी रही भूमिका-

बच्ची को सुरक्षित स.ढ्ढ. रागनी परमार, प्रधान आरक्षक मथुरा प्रसाद, अनुराग यादव, राकेश सिंह सिकरवार द्वारा सुरक्षित सुपुर्द कर दी गई।

### मप्र के 3.9 फीसदी किशोर करते हैं तंबाकू का सेवन

**भोपाल।** पूरे देश में जहां 8.5 फीसदी ? किशोर तंबाकू का नशा करते हैं तो वहीं अकेले मध्यप्रदेश में 3.9 फीसदी किशोर तंबाकू का सेवन करते हैं। यह खुलासा हुआ है एक ताजा रिपोर्ट में। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा पिछले दिनों जारी ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे (जीएटीएस) में सामने आई है। देशभर की बात करें तो यह आंकड़ा 8.5 फीसद है। तंबाकू सेवन के मामले में मध्यप्रदेश देश में 29वें नंबर पर है। मध्य प्रदेश वालेंट्री हेल्थ एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि इस रिपोर्ट से पता चलता है कि तंबाकू नियंत्रण के प्रयासों का असर हुआ, जिससे तंबाकू के उपयोग में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा संस्थानों से 100 मीटर के दायरे में आने वाली तंबाकू उत्पाद की दुकानों को फौरन हटाने की जरूरत है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक सिगरेट निषेध अधिनियम को भी लागू करने की आवश?यकता है। मुकेश सिन्हा ने कहा कि इंदौर में करीब डेढ़ सौ दुकानें स्कूल परिसर के 100 मीटर के दायरे में मिली थीं। अन्य जगहों पर भी कमोबेश यही स्थिति है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि आजकल चलती-फिरती दुकान हैं, जो स्कूल के समय में स्कूल के काफी नजदीक लग जाती हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन करने से कैंसर का बहुत ज्यादा जोखिम बढ़ जाता है। इस पर सख्ती बहुत जरूरी है। दूसरी चिंता की बात यह है कि दुकानों में नियम विरुद्ध तरीके से तंबाकू उत्पादों के प्रचार के लिए आकर्षक पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इसे भी सख?ती से रोकने की जरूरत है।

### 3 लाख लोगों ने नहीं लगाया वैक्सीन का पहला डोज

**भोपाल।** राजधानी के 3 लाख लोगों ने कोरोना वैक्सीन का पहला डोज नहीं लगाया है । इन नागरिकों की घर-घर जाकर जानकारी जुटाई जाएगी । इसका वार्ड अनुसार डेटा तैयार करने के बाद नॉन वैक्सीनेटेड लोगों को अगले 15 दिनों में वैक्सीन लगाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। भोपाल में वैक्सीनेशन अभियान की रफ्तार तेज करने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की रणनीति के अंतर्गत घर-घर सर्वे अभियान शुरू किया गया है, जिसमें वैक्सीन नहीं लगवाने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बताया कि भोपाल में टारगेटेड सभी लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं । इसके लिए महिला बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वे किया जा रहा है । गुरुवार से घर-घर सर्वे करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनवाड़ी केन्द्रों की 1800 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद ली जा रही है । भोपाल में वैक्सीन लगाने का टॉरगेट आबादी करीब 19 लाख 30 हजार के करीब है । इसमें से पहला डोज 16 लाख 40 हजार को पहला डोज लग गया है । वहीं दूसरा डोज 4 लाख 56 हजार ने लगवाया है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ अधिकारी ने बताया कि ऐसे में तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए पूरी आबादी को वैक्सीनेटेड करने के लिए नॉन वैक्सीनेटेड लोगों का डाटा बेस तैयार किया जा रहा है । ताकि विशेष अभियान चला कर उनको वैक्सीन लगाई जा सके। भोपाल में कुल 20 लाख 52 हजार 552 लोगों को पहला और दूसरा डोज लगा है।

# माधोसिंह दीवान साहब ने ध्वजारोहण कर दिया एक-जुटता का संदेश

**पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा**

बड़वानी ~(म.प्र)-आजादी के 75 वें स्वतन्त्रता दिवस पर सिर्वी इंटरनेशनल स्कूल करी, जिला-बड़वानी के परिसर में *परम् पूज्यनीय धर्मगुरु श्री माधवसिंह जी दीवान साहब बिलाड़ा राजस्थान ने ध्वजारोहण कर समाजजनों को बधाई दी । सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ आराध्य देवी श्री आई माताजी,भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलन कर किया गया । सर्वप्रथम सिर्वी इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य गोविन्द जी भायल सर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया,साथ ही क्षत्रिय सिर्वी समाज जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी ने उपस्थित जनों का परिचय देते हुए सभी का बेंच लगाकर स्वागत किया । धर्मगुरु दीवान साहब ने इस अवसर पर समाज जनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति कोई भी कार्य करें तो समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति लाभान्वित हो ऐसा कार्य किया जाए जिससे आमजन प्रभावित हो । हम अपने कार्यो में इसका परिपालन करें । आम जनमानस की सेवा ही सच्ची देश की सेवा है,हम अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें । भारतीय इतिहास सबसे पुराना है,हमारी संस्कृति शुरू से ही मजबूत रही है,हम और आप समाज के जागरूक व्यक्ति है । हम आज यह प्रण करें कि समाज को कुछ अच्छे कार्य प्रदान करने है । आपसी सदभाव से कार्य करें, जो भी जिस भूमिका में कार्य कर रहा है,मानवीय संवेदना को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यो के साथ-साथ त्याग भी करें । त्याग बहुत आवश्यक है,चाहे वो शिक्षा से जुड़ा हो चाहे स्वास्थ्य से जनमानस सम्रद्धि करने हेतु हमें कार्य करना है । इसी क्रम में दीवान साहब के मुखाग्र वाणी से भामाशाह गौतम लाबुराम राठौर विकोटा (बेंगलोर) 51,000/-रु घोषणा सिर्वी इंटरनेशनल स्कूल के लिए की गई। साथ ही धर्मगुरु के शुभाशीष हाथों से स्व.श्री विनोद परमार की बिटिया निवेदी परमार व बेटा ओम परमार को आशिर्वाद प्रदान करते हुए स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मिय संवेदनाए व्यक्त की गई साथ ही इसी क्रम में गुरुदेव जी के हाथों से संजय मोगरे (मंडवाड़ा) को भी शील्ड से सम्मानित किया गया । साथ ही सिर्वी समाज के योद्धा गण जो कि चिकित्सा क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है,ऐसे ही हमारे समाज के रत्न डॉ. प्रकाश बर्फा,डॉ. अविनाश बर्फा, डॉ. कमलेश मुकाती, डॉ. संजय परमार, आईजी ज्वेलर्स अंजड़ के संचालक अरविंद चौहान, संजय मुकाती के द्वारा दीवान साहब को स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट की गई । कार्यक्रम के इस दौरान सिर्वी समाज शिक्षण समिति,समाज के वरिष्ठ जन,सकल पंच, स्कूल स्टॉफ, समाज के युवा साथी,मातृशक्ति आदि गाँवो के समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन समाज के उन अनमोल रत्नों की याद में जो कोरोना महामारी में यह दुनिया छोड़कर चले गए उन सभी को भावपूर्ण श्रधांजलि के साथ मोन रखकर समापन किया गया । कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र लछेटा तथा आभार रणछोड़ पटेल ने किया ।



## सफाई कर्मचारीयों का समस्यायों का शीघ्र निराकरण किया जाएः संजय वाल्मीकि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेवर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल को ज्ञापन सौंपकर जिला चिकित्सालय भिंड में पदस्थ सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों के निराकरण की मांग की। एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने बताया है कि जिला चिकित्सालय भिंड में सफाई कर्मचारीयों को कलेक्टर रेट से वेतन का भुगतान, समय पर वेतन का भुगतान नही किया जा रहा है एवं विगत माह प्रथम नेशनल सिक्योरिटी द्वारा बिना किसी कारण के वेतन काटा तथा जिला चिकित्सालय भिंड में वार्ड बॉय का काम सफाई कर्मचारीयों से करवाया जा रहा है जिससे सफाई कर्मचारीयों में रोष व्याप्त तथा समय पर वेतन नहीं मिलने पर सफाई कर्मचारीयों ने आज काम बंद कर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण नहीं किया गया तो जिला चिकित्सालय भिंड में सफाई कामबंद हड़ताल की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल ने प्रथम नेशनल सिक्योरिटी के ठेकेदार को सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का शीघ्र निराकरण करने के आदेश दिए और कहा कि सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण नहीं किया गया तो एजेंसी पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस मौके पर प्रथम नेशनल सिक्योरिटी के ठेकेदार सुधीर कुमार दुबे, डॉ देवेश शर्मा ,जगपाल, यूनियन के राष्ट्रीय सचिव रूपेश पाथरे, राष्ट्रीय सचिव बबलू चौधरी बाल्मीकि प्रदेश मीडिया प्रभारी रजत बंटी पाथरे, जिला अध्यक्ष लालजी करोसिया, मुन्ना खरे, दुर्गा,छाया,पुष्पा , सुनील, राजू आदि उपस्थित रहे।



## कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने ली खेड़ापति हनुमान मंदिर पर सेक्टर मंडलम की बैठक



**विवेक सेन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़ । खेड़ापति हनुमान मंदिर टेढ़ोत पर मंडलम सेक्टर के पदाधिकारियो की बैठक जिला अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने ली। अशोक दांगी बगदा ने कहा कि सेक्टर मंडलम पदाधिकारी कांग्रेस की रीढ़ है। उन्होंने तन मन से 2023 की तैयारी के लिए जुट जाने को कहा।

कार्यक्रम उपरांत सभी पदाधिकारियो का सहभोज हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा रहे। विशेष अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप गुर्जर उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशीष तिवारी, मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव,विक्रम दांगी टेंडौत, महेंद्र प्रजपति,जसवंत बघेल, मुनीम यादव, सोनू कुशवाह,नरेश पाल, अजय अहिरवार,प्रह्लाद दांगी,अभय दांगी,हिम्मत दांगी, आशिष दांगी, हरनारायण कुशवाह,राजेश दांगी, अक्षय पटेल,आनंद दांगी,लोकेंद्र दांगी,लझन यादव ,देवेंद्र यादव,शिवकांत दांगी,मनोज यादव,अंकित दांगी,शिवकुमार सेन आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## जहां ज्ञान वहां नहीं होगा अपराध धर्मगुरु दिवान माधव सिंह

**पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा**



मध्यप्रदेश - आईमाताजी का नाम जपने मात्र से ही मानव के अंदर बसे राक्षस का नाश हो जाता है , जहां ज्ञान होता है वहां अपराध पनपता ही नही है , कुलदेवी आईमाता जी द्वारा प्रदत्त वेळ के 11 नियमो का कड़ाई से पालन कर धर्म के प्रति समर्पित रहे , जीवन की श्रेष्ठता विन्रमता में है , उक्त बात सिर्वी समाज के धर्मगुरु दिवान माधवसिंहजी राठौर बिलाड़ा ने ग्राम रत्तागढ़खेड़ा जिला रतलाम में धर्मसभा के दौरान कही , गोरमतलब है कि धर्मगुरु दिवान साहब 13 अगस्त नाग पंचमी को कुक्षी में आई मार्ट के शुभारंभ पर आये है , 10 अगस्त से 15 अगस्त तक मध्यप्रदेश में रहेंगे इस दौरान वो मालवा निमाड़ अंचल के रत्तागढ़खेड़ा , बडनगर , बनग्रेड , जाफ़ला , कंकराज , बोराली , भैंसोला , पेटलावद , रूपगढ़ , रायपुरिया , पालेड़ी , झकनावद , राजगढ , कंजरोटा , रिंगनोद , टांडा , बाग, कुक्षी , कापसी , लोहारी , सिंघाना , मनावर , बड़वानी , लोंगसरा आदि गांवों में धर्मगुरु का आगमन हुवा , धर्मगुरु के साथ कानाराम चोयल जोधपुर , हनुमानराम बिलाड़ा , कैलाश मुकाती VIP मनावर , मुकेश गेहलोत डेहरी , रोहित कुमार सिर्वी रतनपुरा , अशोक राठोर सिंघाना , भरतलाल परमार कंकराज , गंगाराम चोयल कंकराज साथ धर्मगुरु के साथ प्रवास पर है जानकारी कल्याणसिंह पंवार बिलाड़ा ने दी।

## वीरांगना अवन्तिवाई लोधी की जयंती को रक्तवीरो ने 104 युनिट रक्तदान देकर मनाया

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

खेरागढ़ आगरा अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा एवम संकल्प मानव सेवा संस्था के संयुक्त रूप से अवन्तिवाई लोधी की 190 वी जयंती बड़ी धूमधाम से अवन्तिवाई पार्क अमरपुरा आगरा में मनाई गयी

संकल्प मानव सेवा संस्था के अध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने बताया कि

सर्वसमाज के लोगो ने अवन्तिवाई प्रतिमा पर माल्यार्पण करके शुभारंभ किया उसके बाद स्वेच्छिक रक्तदान शिवर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिसमें लोगो ने जाति धर्म से ऊपर उठकर रक्तदान किया और मानव धर्म निभाने का संदेश दिया

अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री एवम कार्यक्रम के संयोजक हरिओम लोधी ने भी रक्तदान किया साथ ही साथ आगरा के आसपास के लोगो ने महिलाओं सहित बढ़चढ कर हिस्सा लिया और सभी ने रक्तदान किया



अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी सहित हरिओम लोधी मुकेश सेठ डॉ मनोज राजपूत एवम डॉ राजेन्द्र सिंह राजपूत के द्वारा सभी रक्तवीरो को सम्मानित किया गया रक्तवीरो में डॉ उदलसिंह लोधी डॉ मुकेश राजपूत वीनेश अहीर विनोद यादव प्रशांत शर्मा रामवीर सिंह सचिन मुन्नालाल लोधी चंदन सिंह महेश राजपूत अजय राजपूत सहित 104 लोगों ने रक्तदान किया कार्यक्रम में उपस्थित प्रकाश राजपूत गुलाब सिंह लोधी मिश्रीलाल राजपूत मोहन सिंह लोधी पार्षद, राकेश लोधी तेजवीर सिंह राजेन्द्र ज्वेलर्स ओमप्रकाश चौधरी विष्णु प्रताप वर्मा अमित बघेल सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चंद लोधी ने की।

### 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

# कुठोदा पंचायत के सरसेड गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पर नहीं फहराया गया तिरंगा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की बड़ी लापरवाही





**बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता, पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम सरसेड गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा तक नहीं फहराया आंगनवाड़ी केंद्र की हालात ऐसी थी की उसके गेट पर कटीले झकर लगे हुए थे इस बारे में ग्राम वासियों से पूछा तो उन्होंने बताया की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन शर्मा स्वतंत्रता के दिवस के अवसर पर भी देखने तक नहीं आए हैं गांव के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता होने के कारण वह यहां कभी देखने नहीं आती है वह गोरमी में निवास करते हैं यहां तक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन शर्मा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी नहीं पहुंचे आंगनवाड़ी केंद्र सरसेड नही फहराया गया तिरंगा।

#### इनका कहना है

आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कभी देखने तक नहीं आते यहां तक कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी तिरंगा भी नहीं फहराया गया

**ग्राम वासी कमलेश शर्मा और संतोष शर्मा**

हमें मालूम नहीं है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से पूछ कर बताते हैं इसके बाद फोन लगाया गया तो सुपरवाइजर मैडम ने नहीं उठाया फोन

**सुपरवाइजर सलमा बेगम**

हम किसी पर्सनल काम से भिंड गए हुए थे इसलिए यह गलती हो गई भूल गए थे

**सुमन शर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता**

# कलेक्टर एवं एसपी ने बाढ़ प्रभावित ग्राम भारौली कला एवं कछार पहुंचकर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह आज मेहगांव क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम भारौली कला एवं कछार में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित ग्रामीणजनों की समस्याऐं सुनी। साथ ही सर्वे कार्य किस स्तर से चल रहा है इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्रामीण व्यक्तियों से पूछा कि प्रति परिवार 50 किलो खाद्यान्न सामग्री, आलू एवं नमक मिला है कि नहीं। इस पर सभी बाढ़ प्रभावित ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि उन्हें 50 किलो राशन प्रति परिवार एवं खाद्यान्न सामग्री प्राप्त हो गई है साथ ही सर्वे कार्य भी जारी है जिसके अंतर्गत भी लाभ पहुँचाया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम मेहगांव श्री विजय राय सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि बर्तन, कपड़े आदि की क्षति पर 5000 रुपये, पूर्ण मकान क्षति/मकान मरम्मत योग्य नहीं होने पर 6000 रुपये की सहायता राशि सर्वे पश्चात प्रभावित व्यक्तियों के खातों में भेजी जा रही है साथ ही घरों की आंशिक क्षति पर विधि अनुसार सहायता सर्वे के पश्चात भेजी जाएगी। कलेक्टर एवं एसपी ने मेहगांव क्षेत्र के ग्राम भारौली कला एवं कछार में मलबे की साफ सफाई, बीमारियों की रोकथाम हेतु ग्राम में एंटी लार्वा, कीटनाशक पाउडर, फिनायल एवं फॉगिंग कार्य कराने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में ली गई शांति समिति की बैठक


**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद- आगामी दिनों में रक्षाबंधन भुजरिया महोत्सव मोहर्रम के ताजिए आदि त्योहारों के चलते तैयारियों के चलते पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग द्वारा गोहद थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर के समाजसेवी हिंदू मुस्लिम एकता मंच के सदस्यगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिसमें अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरेंद्र सोलंकी ने त्योहारों में होने वाली परेशानियों एवं उनकी समस्या हल करने हेतु सुझाव मांगे साथ ही उन्होंने कहा मोहर्रम माह के ताजिए शांतिपूर्वक निकाले जाएं कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ज्यादा भीड़ भाड़ ना करें वही रक्षाबंधन के त्यौहार पर बैसली डैम के पास लगने



वाले भुजरिया मेला में लोगों को एकत्रित ना करें वैशाली डैम भी पानी से भर चुका है इसलिए डैम के आसपास कहीं ना जाए सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित तरीके से मनाएं वही ताजिया कमेटी ने सुझाव देते हुए कहा की कर्बला के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था की जाए पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था करते हुए रास्ते में लाइट के झुके हुए तारों को दुरुस्त कराया जाए इस मौके पर एसडीओपी नरेंद्र सिंह सोलंकी थाना प्रभारी महेंद्र धाकड़, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, सीएमओ सतीश दुबे ,डॉ अमर सिंह जाटव, हसरत खान गुड्डू ,हसमत अली, साबू खान , तहसील शाह, डॉ नसीर अहमद, भूपेंद्र गुर्जर,अबरार खां,बल्लूखां लाखन गुर्जर, जावेद पठान,भीकम कौशल, लाखन गुर्जर,सलीम बख्श, सहित लगभग दो दर्जन लोग मौजूद थे।

## वन-टू-वन



# एक शाम पुरबजी महाराज के नाम भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया

**पुष्पांजली टुडे**

पाली। निकटवर्ती चवलडा ढाणी एक शाम पुरबजी महाराज के नाम मंदिर के गादीपति कमला देवी के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित कर आकर्षक श्रृंगार विशेष आरती पूजा अर्चना कर भजन संध्या का शुभारंभ किया।जाने-माने गायक सम्राट हुकमाराम देवासी लक्ष्मण दास खूडावास एंड पार्टी द्वारा मधुर वाणी से गणपति वंदना के साथ एक से एक बढ़कर पुरबजी महाराज के नाम भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन संध्या कार्यक्रम के साथ-साथ भामाशाह आईडी परिवार के तत्वाधान मे प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के छायादार फलदार पौधे रोपण किया गया। इस अवसर पर । जसाराम दलाराम मोडाराम वेनाराम आईडी भाजपा ओबीसी महिला मोर्चा सदस्य नाजु देवी आजणा. पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल ।सरपंच मोहनलाल।धनाराम हेमावास। समाजसेवी हरिभाई पटेल ।पाली पंचायत समिति पूर्व प्रधान श्रवण बंजारा ।रूपावास सरपंच सुरेश बंजारा। दीपाराम रेवड़ा। सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कोरोना में अच्छा कार्य करने के लिए किया सम्मानित

ग्वालियर। कोविड 19 वेक्सिनेशन अभियान के सफल संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के आठों जिलों के चयनित 14 स्वयंसेवक एवं माधव महाविद्यालय के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला द्वारा अपनी ओर से ट्रैकसूट एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने स्वयंसेवकों को कोविड पीरेड में जनजागरण अभियान और वैक्सिनेशन कार्यक्रम के सफल कियान्वयन के लिये बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र सदैव मानवता के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करते रहते हैं । कोरोना काल में जब सभी लोग अपने घरों में कैद थे तब जीवाजी विश्वविद्यालय के एन एस एस वोलेंटियर्स सेवा कार्य कर रहे थे । मैंने भी इन स्वयंसेवकों के साथ कुछ बस्तियों में जाकर नज़दीक से इनके सेवा कार्य को देखा है । कुलपति जी ने सभी स्वयंसेवकों को साधुवाद दिया । इस अवसर पर कुलाधिसचिव प्रो. उमेश होलानी ने भी सभी रासेयो स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए सेवा कार्य जारी रखने की बात कही । आज सम्मानित होने वाले एन. एस. एस. स्वयंसेवकों में आकाश सूर्यवंशी , हिमांशु बाथम , येहोशू क्राइस्ट , रविन्द्र पटेल ,को विश्वविद्यालय का ट्रैकसूट व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया ।

## श्योपुर सिटी कोतवाली पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता

# दो आरोपी सहित करीबन 12.50 लाख रुपए की अवैध शराब की जप्त

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली तोडा**

श्योपुर पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेम लाल कुर्वे एवं एसडीओपी रामतिलक मालवीय के मार्गदर्शन में श्योपुर में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही में 16 अगस्त सोमवार की रात करीबन 11ः30 बजे कोतवाली पुलिस द्वारा मारुति सुजुकी शौरूम के सामने पाली रोड़ पर पुलिस चेकिंग के दौरान बोलेरो पिकप स्क्क्ह6-व्र-2234 लोडिंग वाहन को चेक किया गया तो उसमें 36 पेटी राजस्थान निर्मित अंग्रेजी व्हिस्की कीमत 2,47,200/- रूपए एवं बोलेरो पिकप कीमत 10 लाख रूपए सहित जप्त कर आरोपीगण



देवेंद्र सिंह पुत्र सुगर सिंह सेंगर उम्र 33 वर्ष निवासी किला गेट सब्जी मंडी के पास हजीरा ग्वालियर तथा गिरेंद्र सिंह पुत्र प्रकाश सिंह कुशवाह उम्र 25 वर्ष निवासी भैंसपुरा पोस्ट बटपुरा लहार जिला भिंड को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 348/21 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम किया गया है उक्त कार्यवाही में श्योपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश शर्मा उप निरीक्षक अंशुल अरोरा, पीएस यादव, ब्रजेश राजोरिया, संतोष मांझी, कुलदीप जोशी, सुशील तोमर, रविन्द्र तोमर, रामलखन, दिलीप शर्मा, अजरुद्दीन, गौरव शर्मा,मनीष त्यागी की महत्वपूर्ण भूमिका रही!

# ऑनलाईन ई-लॉटरी के माध्यम से बीयर की रिक्त दुकानों का हुआ आवंटन



**पुष्पांजली टुडे**

एटा जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं मौजूदगी में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में तृतीय फेस के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु जनपद के करतला चौराहा, सकरौली में रिक्त बीयर की दुकान का आनलाईन ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया। आबकारी अधिकारी अभय गंगवार ने बताया कि तृतीय फेस के अन्तर्गत करतला चौराहे पर रिक्त दुकान हेतु 34 आवेदन, सकरौली में रिक्त दुकान हेतु 12 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका आनलाईन ई-पोर्टल के माध्यम से आवंटन किया गया है। आवंटित दुकान स्वामियों द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अपनी दुकानों को खोला जा सकेगा। इस अवसर पर एएसपी ओपी सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजय कुमार, आवेदकगण आदि मौजूद रहे।

# मप्र में 15 लाख के नोटों से महादेव का हुआ अनोखा श्रृंगार



**भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

बाबा महाकाल के श्रृंगार के चर्चे देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक फैले हुए हैं। बाबा की भस्मारती और श्रृंगार देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उज्जैन पहुंचते हैं। बाबा महाकाल के श्रृंगार के बाद अब भोपाल के महादेव का श्रृंगार सुर्खियों में आ गया है। यहां बाबा भोलेनाथ का फूल मालाओं से ही नहीं बल्कि 15 लाख रुपयों से श्रृंगार किया गया था।

मौका था सावन के अंतिम सोमवार का। भोपाल के गिन्नौरी संकट हरण महादेव मंदिर में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। फूल मालाओं से बाबा को सजाया ही गया साथ ही बाबा को नोटों से भी श्रृंगार किया गया।

श्रृंगार के लिए यह 15 लाख की राशि 30 लोगों ने मिलकर जुटाई। किसी ने 25 हजार तो किसी ने 35 हजार और किसी ने 50 हजार रुपये से ज्यादा की राशि दी है। मंदिर समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि बाबा के श्रृंगार के लिए इकट्ठी की गई यह राशि सेवा कार्यों पर खर्च की जाएगी।

# ग्राहक पंचायत ने निम्न मांगो को लेकर डिप्टी कलेक्टर शसंजीव खेमरिया (खाद्य सुरक्षा प्रभारी) से मुलाकात, कर दिया ज्ञापन

**विवेक चौहान रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला ग्वालियर का प्रतिनिधि मंडल ने निम्न मांगो को लेकर डिप्टी कलेक्टर संजीव खेमरिया (खाद्य सुरक्षा प्रभारी) से मुलाकात की

1, खाद्य पदार्थो( दूध ,दही ,घी ,पनीर मावा, मिठाई ,आदि )में बड़े स्तर पर जहरीले केमिकल एवं हानिकारक पदार्थ मिलाकर बेचे जा रहे हैं जिससे ग्राहक के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है इस पर रोक लगाने हेतु एवं रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच हेतु प्रशासनिक अधिकारियों का एक विशेष दल का गठन किया जाए

2, आमजन द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थो की शिकायत करने हेतु प्रशासन द्वारा शिकायत नंबर जारी किया जाए जिससे आमजन आसानी से मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों की शिकायत प्रशासन से कर सके



श्री खेमरिया जी द्वारा ग्राहक पंचायत ग्वालियर को यह आश्वासन दिया गया कि अगले 2 दिन के अंदर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच हेतु एक विशेष दल गठित किया जाएगा एवं मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों की शिकायत करने हेतु एक शिकायत नंबर जारी किया जाएगा विशेष जांच दल में ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाएगा

इस दौरान प्रांत कार्यकारिणी सदस्य श्री देवी सिंह राठौर, जिला सचिव श्री लोकेंद्र मिश्रा, जिला मीडिया प्रमुख श्री अजय गजेंद्र इंग्ले, जिला कार्यसमिति सदस्य श्री प्रताप नारायण प्रजापति, श्री सुनील श्रीवास्तव, जिला प्रचार प्रमुख श्री श्याम श्रीवास्तव, लश्कर इकाई अध्यक्ष श्री कीरत सिंह राणा, लश्कर इकाई सचिव श्री सचिन गौतम, इकाई उपाध्यक्ष श्री अभिषेक गौतम, हजीरा इकाई सचिव श्री भरत प्रजापति, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोरोना टीका पर विधायक का अजीबो-गरीब बयान,बोले

# वैक्सीन लगवाकर मैं ने 3-4 महीने चेक किया, नपुंसक नहीं होते

**कटनी(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक का कोरोना वैक्सीन को लेकर एक अजोबो-गरीब बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा कि कई मूर्ख कहते हैं कि वैक्सीन लगवाने से नपुंसकता आती है। मैं भी वैक्सीन लगवाया था इसलिए टेंशन में आ गया। तीन चार महीने चेक किया लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसलिए आप लोग भी टेंशन मत लो, वैक्सीन लगवाना। अब उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

विधायक संजय पाठक ने यह बयान अपने विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ के बरही में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में दिया। उनके इस बयान पर वहां मौजूद लोगों ने जमकर ठहाके लगाए।



उन्होने वैक्सीन को लेकर कहा कि 'कुछ मूर्ख लोग बोलते हैं कि वैक्सीन लगवाने से नपुंसक हो जाते हैं। इस बात ने सभी को डरा दिया था। मैंने भी वैक्सीन लगवाई तो मेरे को भी बोला लोगों ने बोला कि भैया वैक्सीन से नपुंसक हो जाते हैं तो मैं भी टेंशन में आ गया। मैंने भी तीन-चार महीने चेक किया। मुझे भी कुछ नहीं हुआ। इसलिए आप बिल्कुल टेंशन मत लो। आप सभी लोग वैक्सीन लगवाएं।

# जाणुन्दा कोराना वारियर्स को प्रतीक चिन्ह से किया सम्मानित



**पुष्पांजली टुडे**

पाली। निकटवर्ती मारवाड़ ब्लाक के ग्राम पंचायत जाणुन्दा राजकीय माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में 75 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोराना काल में दिन रात परिश्रम करके उत्कृष्ट सेवाएं देने पर कोरोना वरियर्स। को सरपंच खुमान सिंह। प्रधानाचार्य श्यामलाल सेल। ने कोराना काल में उत्कृष्ट कार्य करने पर कोरोना वरियर्स चोगमल मीणा कोटडी । हनुमान सिंह चंपावत। रतनलाल प्रजापत को प्रतीक चिन्ह व माला पहनाकर सम्मान किया। सरपंच खुमान सिंह ने बताया कोराना काल के चलते ग्राम पंचायत अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मी। आंगनवाड़ी क्रमिक पंचायत कार्मिक शिक्षा विभाग कोर कमेटी सहित आदि ने कोराना मुक्त भारत को सफल बनाने के लिए हर संभव पूरा प्रयास किया। इनके द्वारा किया गया उत्कृष्ट कार्य का वर्णन नहीं कर सकते हैं। और ऐसे कोराना योद्धाओं का सम्मान ही हमारी प्रमुख जीत रहेगी। कोराना वारियर्स का समस्त ग्राम वासियों ने उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।

## वन-टू-वन

### सर्पदंश से बच्चे और महिला की मौत

ग्वालियर। जिले के भितरवार इलाके में सांप के काटने से एक बच्चे की और घाटीगांव के सिरसा गांव में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है ।जानकारी के अनुसार भितरवार क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेला निवासी नील 7 वर्ष पुत्र संदीप रावत को जहरीले सांप ने काट लिया उससे उसकी मौत हो गई। वहीं घाटीगांव थाना क्षेत्र के सिरसा गांव में उषा पत्नी उदल सिंह निवासी आगरा मायके आई थी तभी रात को उसे सांप ने काट लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए जहां उसकी मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला की मौत पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** शहर फिर माधव गंज थाना क्षेत्र में स्थित विष्णु विहार गुढ़ा इलाके में 18 जुलाई को शादी में लाइटिंग का गमला उठाने के दौरान करंट लगने से हुई एक महिला के मौत के मामले में पुलिस ने जरनैटर संचालक और मिस्त्री के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भटपुरा निवासी कुंडी बाई 45 वर्ष पत्नी सरनाम आदिवासी 18 जुलाई को माधव गंज थाना क्षेत्र के बिष्णु विहार गुढा इलाके में शादी समारोह के दौरान बैंड पार्टी के साथ लाइटिंग का गमला उठाकर चल रही थी। तभी डोंगरा गार्डन के पास करंट लगने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद जनरेटर संचालक कमल बाथम और मिस्त्री सियाराम धानुक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### सात लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** जिले के डबरा में बिजली कंपनी की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी और मीटरों में गड़बड़ी करने वाले के खिलाफ प्रकरण बनाए। जांच के दौरान सात मीटरो में सर्किट लगे मिले, जिसके चलते इन सभी के मीटर जब्त कर उनके खिलाफ प्रकरण बनाए गए।ाि वजलेंस के उपमहाप्रबंधक पीके जैन और उनकी टीम ने सोमवार को रघु नगर, बल्ला का डेरा, लक्ष्मी कॉलोनी में चैकिंग अभियान चलाया। यहां विजिलेंस टीम को सात घरों में मीटर में सर्किट लगे मिले। जिनकी वजह से मीटर में रीडिंग रुकी हुई थी। टीम ने मीटरों को जब्त कर बिजली चोरी के प्रकरण बना दिए। इसके साथ ही बिल की राशि जमा न करने वाले 65 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। वहीं कुछ उपभोक्ताओं ने कनेक्शन कटने की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही बिल की राशि का भुगतान कर दिया, जिससे 3 लाख 39 हजार रुपए का राजस्व मिला।

### जेयू का दीक्षांत समारोह 27 अगस्त को

**ग्वालियर।** जीवाजी विवि के दीक्षांत समारोह का आयोजन 27 अगस्त को होगा। इस समारोह से जुड़े विभिन्न कामों के लिए अधिकारी और शिक्षकों की समितियां बना दी गई हैं। इसके अलावा समितियों को आयोजन को लेकर जिम्मेदारी तय कर दी गई हैं। दीक्षांत समारोह में उपाधि (डिग्री) लेने वालों के लिए भी गाइडलाइन तय की गई है। मुख्य समारोह में शामिल होने वाले विद्याथिहयों को एक दिन पहले यानी 26 अगस्त को अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशल कन्वेंशन सेंटर में स्थापित किए गए कंट्रोल रूम से निर्धारित गणवेश (जैकेट और साफा) लेना होगा। समारोह में यह विद्यार्थी एक घंटे पहले आयोजन स्थल पर पहुंचेंगे। साथ ही कोरोना गाइडलाइन का पालन भी करना होगा।

### शतरंज टूर्नामेंट 20 को

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिला शतरंज संघ द्वारा एक दिवसीय शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन 20 अगस्त को दीनदयाल सिटी मॉल के थर्ड फ्लोर पर स्थित फूड कोर्ट में आयोजित किया जाएगा। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष संजय कट्टल ने बताया कि इस आयोजन में केवल 30 खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा । जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग ले सकते हैं ।शतरंज टूर्नामेंट को पांच राउंड में संपूर्ण किया जाएगा 20 अगस्त को पहला राउंड सुबह 9~30 बजे से दूसरा राउंड 10~30 बजे से तीसरा राउंड 11~30 बजे चौथा राउंड 12~30 और पांचवा राउंड 1~30 बजे से आयोजित होगा। पुरस्कार वितरण समारोह 2~00 बजे से किया जाएगा।

# जन आशीर्वाद यात्रा केन्द्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना : एसपी सिंह बघेल

**ग्वालियर।** केन्द्रीय विधि विधाई राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा है कि जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से वह नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता के सामने पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अंत्योदय के माध्यम से जहां योजनाओं द्वारा आम जन को लाभ पहुंचा रहे हैं। वहीं राजनैतिक अंत्योदय से उन्होंने अपने मंत्रीमंडल का विस्तार कर पिछडा एवं अनुसूचित जाति और जन जाति के सांसदों को मंत्री बनाकर एक अलग ही पहचान देने का प्रयास किया है।

केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल आज अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि विपक्ष ने लोकतांत्रिक परंपराओं को ताक पर रखकर किसी भी नवागत मंत्री का परिचय तक सदन में नहीं होने दिया। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता के बीच जाकर जन आशीर्वाद यात्रा के रूप में अपना परिचय तथा जनता से आशीर्वाद लेने का फैसला किया। उसी के तहत वह जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रीमंडल विस्तार में 27 पिछडे वर्ग के मंत्री बनाये गये वहीं अनुसूचित जाति की महिलाओं को भी मंत्री पद से नवाजा गया है। इतना ही नहीं महिलाओं को स्वास्थ्य , रेल जैसे विभाग दिये हैं, वहीं कई को कैबिनेट का दर्जा देकर दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय को पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के घर से बाहर शौच के लिये जाने की समस्या को गंभीरता से



लेकर उसे समाप्त करने घर-घर शौचालय बनवाये , आवास बनाकर अंत्योदय पर कार्य किया वहीं राजनैतिक अंत्योदय को ध्यान में रखकर मंत्रीमंडल विस्तार में पिछडे एवं अन्य वर्ग को भागीदारी दी है। यह सामाजिक समरसता का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि उनके बघेल समाज के लोग ग्वालियर चंबल अंचल में बहुतायत से हैं। उनके मंत्री बनने से समाज एवं पार्टी के लोग प्रफुल्ललित हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जवला योजना के तहत गैस देकर चौमासे में धुएं से ग्रामीण महिलाओं को छुटकारा दिलाया है। वहीं 80 करोड लोगों को 8 माह का राशन देकर कोरोना जैसी महामारी के चलते सहायता प्रदान की है। इतना ही नहीं ऐसे लोगों को आयुष्मान योजना में लोकर पांच लाख तक का उपचार निशुल्क करने से आम जन खुश है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने राधेलाल बघेल को भी मंत्री का दर्जा दिया है। वहीं ओबीसी का बैकवर्ड आयोग जो बिना अधिकारों का था को ताकत प्रदान की है। वहीं मेडीकल से लेकर उच्च शिक्षा में भी पिछडे वर्ग के लोगों का कोटा बढाया है। क्रीमी लेकर को छह लाख से आठ लाख किया है। ओबीसी की स्टेंडिंग कमेटी बनाई है। बाढ प्राकृतिक आपदा के बाद भी जन आशीर्वाद यात्रा के नाम पर पैसों की फिजूल खर्ची के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उनका कल कई स्थानों पर फूल मालाओं से स्वागत हुआ क्या यह फिजूल खर्ची है। उन्होंने बताया कि कल ही केन्द्रीय दल को सांसद विवेक शेजवलकर ने स्वयं एक छोटे से गांव में पहुंच कर वस्तु स्थिति की जानकारी दिलाई है। कांग्रेस नेता पार्टी छोडकर दूसरे दलों में जा रहे हैं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमजोरी का प्रतीक बन गई है । सेनापति भी जीत से पहले ही हार को स्वीकार कर रहा है तो उसके नेता अपना भविष्य देखते हुये दूसरे दलों में जायेंगे ही।

### मकान और कार्यालय से हजारों का माल चोरी

**ग्वालियर।** शातिर चोर गिरवाई थाना क्षेत्र के अजयपुर में एक सूने मकान के ताले चटका कर नगदी गहने चोरी कर ले गए। वहीं थाटीपुर थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में एक कार्यालय के ताले चटका कर चोर एक लाख का माल समेट ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार गिरवाई थाना क्षेत्र अजयपुर निवासी उमेश गर्ग बीते रोज घर का ताला लगा कहीं गए थे तभी चोरों ने उनके मकान के ताले चटका दिए और 20 हजार की नगदी तथा सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गए। वहीं थाटीपुर थाना क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी प्रवीण भारद्वाज का घर के पास कार्यालय है। बीती रात चोरों ने उनके कार्यालय के ताले चटका दिए और नगदी सामान सहित एक लाख का माल समेट ले गए। संबंधित थाना पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी

# केन्द्रीय दल भितरवार तहसील के ग्राम सिला एवं पलायछा पहुँचा

### प्रभावित गाँवों में हुए नुकसान का किया स्थल निरीक्षण, ग्रामीणों से की चर्चा ~ राहत कार्यों को तीव्र गति से करने का दिया सुझाव

**ग्वालियर।** ग्वालियर - चंबल संभाग में अति वर्षा के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने दो दिवसीय प्रवास पर केन्द्रीय दल ग्वालियर आया केन्द्रीय दल द्वारा ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, मुरैना और श्योपुर जिले में हुए नुकसान का निरीक्षण किया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। केन्द्रीय दल ने भ्रमण के दौरान जिन गाँवों में नुकसान हुआ है वहाँ पहुँचकर क्षतिग्रस्त मकानों, शासकीय सम्पत्तियों, पुल-पुलियाओं और खेतों का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों से भी चर्चा की। भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री सुनील कुमार वर्णवाल के नेतृत्व में आए इस दल के साथ आयुक्त भू-अभिलेख श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर



कान्याल सहित विभागीय अधिकारी ग्वालियर जिले में भ्रमण के दौरान उनके साथ थे। केन्द्रीय दल मंगलवार को ग्वालियर जिले की भितरवार तहसील के ग्राम सिला एवं पलायछा पहुँचा। उन्होंने दोनों ही गाँवों में अति वर्षा के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया। दल ने क्षतिग्रस्त हुए मकानों एवं फसलों को हुई क्षति का स्थल निरीक्षण भी किया। बाढ़ से सम्पूर्ण रूप से नष्ट हुए मकानों को किसी उचित स्थान पर मॉडल टाउन के रूप में निर्माण किए जाने पर विचार करने का सुझाव भी दिया। इसके साथ ही पार्वती नदी पर बने हुए पुल को हुए नुकसान का भी उन्होंने स्थल निरीक्षण किया। केन्द्रीय दल द्वारा अति वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को पुन~ परिवहन हेतु शीघ्र ठीक करने को कहा। दल ने ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रूककर ग्रामीणों से चर्चा की तथा अति वर्षा के कारण हुए नुकसान के संबंध में पूछताछ की। दल ने सभी प्रभावित गाँवों में राहत कार्यों को तीव्र गति से करने का सुझाव दिया। ग्वालियर जिले के भितरवार तहसील के दोनों ग्रामों में हुए नुकसान तथा प्रभावितों को तत्काल दी गई राहत के संबंध में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विस्तार से जानकारी दी।


















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ **एम.पी.एच.आई.एन. /31130**
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**